कुलगुरु - संदेश



"Education is the best friend. An educated person gets respect everywhere."

'शिक्षा सबसे अच्छी मित्र है। एक शिक्षित व्यक्ति हर जगह सम्मान पाता है।'-**चाणक्य**

प्रिय विद्यार्थी

एक राष्ट्र की प्रतिष्ठा में वहां की गौरवशाली संस्कृति, आद्यात्मिकता, धार्मिकता, ऐतिहासिकता, समाज एवं सामाजिक परिवेश का विशेष योगदान होता है। समाज को सुदृढ़ बनाने के लिए वहां की शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना आवश्यक होता है। सुसंगठित शिक्षा व्यवस्था के चलते ही हम अपने समाज और राष्ट्र को विकास के पथ पर अग्रसर कर सकते हैं। आज शिक्षा के आयामों में लगातार परिवर्तन हो रहे हैं। वर्तमान परिवेश में मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा ने शैक्षिक उन्नयन में अपना सशक्त योगदान दिया है। सम्पूर्ण विश्व में दूरस्थशिक्षा के माध्यम से करोड़ों विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। राष्ट्रीय ज्ञान आयोग ने भी राष्ट्र के समग्र विकास में उच्च शिक्षा की महत्त्वपूर्ण भूमिका को लेकर अनेक मूल्यवान दस्तावेज प्रकाशित किए हैं। इसी श्रृंखला में मुक्त शिक्षा पद्धति को भी प्रश्रय दिया गया है।

सम्पूर्ण विश्व का अनुभव दर्शाता है कि ऐसे लोग जो पारंपरिक शिक्षा से वंचित रह गए हैं, उन्हें अब मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा माध्यम से गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा का लाभ मिल रहा है। दूरस्थ शिक्षा माध्यम के व्यापक दर्शन की पृष्ठभूमि पर वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय की स्थापना 23 जुलाई 1987 को की गई थी। विश्वविद्यालय में सात क्षेत्रीय केन्द्र और 123 अध्ययन केन्द्र हैं। राजस्थान में गाँवों तथा ढाणियों तक हम अपनी पहुंच बना चुके हैं। यह देश का तीसरा सबसे बड़ा खुला विश्वविद्यालय है जहाँ लाखों विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। हर सत्र में विद्यार्थियों की संख्या बढ़ रही है। समाज के हर वर्ग को सस्ती और सुलभ शिक्षा प्रदान करने में हमारा विश्वविद्यालय तत्पर है। विश्वविद्यालय द्वारा यूजी, पीजी, डिप्लोमा व प्रमाण पत्र के पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। विश्वविद्यालय नियमित प्रणाली (Regular Mode) से पीएचडी कार्यक्रम भी संचालित कर रहा है। डीसीए और डीएलआईएस के ऑनलाइन पाठ्यक्रम भी जनवरी 2024 से चल रहे हैं। वर्तमान में वीएमओयू को NAAC 'A' ग्रेड मिला हुआ है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत राज्य में यह पहला विश्वविद्यालय है जो छात्रों को दो डिग्री एक साथ प्रदान करने की सुविधा दे रहा है। वीएमओयू एकमात्र राज्य वित्तपोषित विश्वविद्यालय है जिसमें बालिकाओं के लिए नि:शुल्क प्रवेश दिया जा रहा है और इनकी फीस का पुनर्भरण राज्य सरकार द्वारा किया जा रहा है। प्रवेश हेतु विद्यार्थियों को 'डेब आईडी' बनाना अनिवार्य है।

जनवरी 2025 से विश्वविद्यालय में सेमेस्टर प्रणाली को लागू कर दिया है। विश्वविद्यालय शीघ्र ही कुछ रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम भी संचालित करने वाला है। विश्वविद्यालय के सभी पाठ्यक्रम विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) और दूरस्थ शिक्षा ब्यूरो (डीईबी) द्वारा मान्यता प्राप्त हैं। विश्वविद्यालय ने प्रवेश और परीक्षा संबंधी सभी कार्यों को ऑनलाइन संपादित करने की सुविधा प्रदान की है। विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रश्नबैंक, वीडियो लेक्चर के अलावा असाइनमेंट और पाठ्य सामग्री के पीडीएफ वर्जन मौजूद हैं, जिसका हजारों विद्यार्थी लाभ उठा रहे हैं। विश्वविद्यालय में शैक्षिक वातावरण को निरंतर गति प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन, कार्यशालाएं और संगोष्ठियां लगातार हो रही हैं। शिक्षकों और कर्मचारियों की पदोन्नति भी की गई है। वर्ष 2024 में विश्वविद्यालय ने पीटीईटी, डीएलएड और एमपीएड तथा वर्ष 2025 व वर्ष 2026 में पीटीईटी और डीएलएड की राज्यस्तरीय परीक्षाएं सफलतापूर्वक आयोजित करवाई। इससे शैक्षिक जगत में एक नया आयाम जुड़ा है। वीएमओयू ने दिसंबर2024 में भारतीय विश्वविद्यालय संघ के सहयोग से पश्चिमी जोन अंतरविश्वविद्यालयीय महिला फुटबाल प्रतियोगिता का सफल आयोजन कराया। इससे विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय स्तर पर एक नई छवि और ख्याति में वृद्धि हुई है। जिसमें अध्ययन के अलावा खेलों का महत्व भी शामिल है। वर्ष 2026 में कई नवीन रोजगारपरक पाठ्यक्रमों को प्रारम्भ करने की शिक्षण दिशा में प्रयासरत है। विश्वविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा का केंद्र भी स्थापित किया गया है।

विद्यार्थियों, आज यह स्पष्ट हो गया है कि पारंपरिक शिक्षा पद्धति से विद्यार्जन करने में अगर कठिनाई आ रही है तो उसका विकल्प दूरस्थ शिक्षा के रूप में हमारे सामने है। इसके माध्यम से आप विश्वविद्यालय से जुड़कर उच्च शिक्षा के सपने को साकार कर सकते हैं। पूरे विश्व में मुक्त शिक्षा पद्धति की सराहना हो रही है और करोड़ों विद्यार्थी इससे लाभान्वित हो रहे हैं।

आपके उज्ज्वल एवं मंगलमय जीवन की कामनाओं के सहित।

प्रोफेसर बी.एल. वर्मा
कुलगुरु

अनुक्रमणिका

विवरण	पृ.सं.
मान्यता - प्रपत्र	3
• एआईयू का पत्र	4-6
• एनसीटीई का पत्र	7
• नैक मान्यता	8-9
• लोकपाल आदेश	10
विश्वविद्यालय: एक परिचय	
• प्रस्तावना:उद्देश्य एवं प्रमुख विशेषताएं	11
• शैक्षणिक कार्यक्रम, व्यावसायिक पाठ्यक्रम एवं विद्यार्थी सहायता सेवाएं	12
• विद्या वाचस्पति	13
• क्षेत्रीय सेवाएं प्रभाग	14-15
• अध्ययन पद्धति	16
परीक्षा पद्धति	
• विभिन्न कायक्रमों की सत्रीय / आंतरिक /गृह कार्यपद्धति	17
• सेमेस्टर परीक्षा	18
• ग्रेडिंग सिस्टम	19
• पुनः परीक्षा एवं परीक्षा सम्बन्धित अन्य नियम	21
• परीक्षा शुल्क	22-23
• छात्रवृत्तियां तथा शुल्क प्रतिपूर्ति	24
• आरक्षण	25
• प्रोत्साहन योजनाएं	25
• फीस वापसी नियम	26
स्टूडेंट वन व्यू	27-30
अकादमिक कालदर्शिका	31
विविध विद्यापीठ, संकाय सदस्य संबद्ध कार्यक्रम एवं अधिकारियों का विवरण	32-35
अकादमिक कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी	
• **स्नातकोत्तर उपाधि कार्यक्रम-सूची एवं विस्तृत विवरण** (स्नातकोत्तर कोड/प्रवेश योग्यता/अवधि/शुल्क/पाठ्यक्रम संरचना/शैक्षणिक माध्यम)	36-80
• **स्नातक उपाधि कार्यक्रम-सूची एवं विस्तृत विवरणस्नातक हेतु प्रारम्भिक कार्यक्रम** (स्नातक कोड/प्रवेश योग्यता/अवधि/शुल्क/ पाठ्यक्रम संरचना/शैक्षणिक माध्यम)	81-108
• **डिप्लोमा कार्यक्रम/ऑनलाइनडिप्लोमा कार्यक्रम-सूची एवं विस्तृत विवरण** (डिप्लोमा कोड/प्रवेश योग्यता/अवधि/शुल्क/ पाठ्यक्रम संरचना/शैक्षणिक माध्यम)	109-118
• **प्रमाण पत्र कार्यक्रम-सूची एवं विस्तृत विवरण** (प्रमाण पत्र कोड/प्रवेश योग्यता/अवधि/शुल्क/ पाठ्यक्रम संरचना/शैक्षणिक माध्यम)	119-122
विद्यार्थियों की सहायता हेतु जानकारी	
•महत्वपूर्ण लिंक	123
•महत्वपूर्ण फोन नंबर एवं ई-मेल	123
•अधिकांशतः पूछे जाने वाले प्रश्न**(FAQ)**	124-126

मान्यता-प्रपत्र

1. वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा राज्य सरकार के अधिनियम,1987 (न. 35-1987) के अंतर्गत स्थापित हैएवं इसका कार्यक्षेत्र सम्पूर्ण राजस्थान प्रदेश है ।

2. यह विश्वविद्यालय यू.जी.सी. से प्राप्त पत्र संख्या एफ –5-11/87(सी.पी.पी)दिनांक 28/30 मार्च,1989 के अनुसारयू. जी.सी. के सैक्शन 12-बी के अंतर्गत देश का एक मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय है ।

3. विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से प्राप्त पत्र संख्या क्रमांक UGC/DEC/VMOU/06/4483-87, दिनांक 30जनवरी, 2014 के अनुसार इस विश्वविद्यालय को सतत शिक्षा संबद्धता प्रदान की गई है ।

4. राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद्(NCTE) से प्राप्त पत्र संख्या क्रमांक F-3/RJ-22/ B.Ed. (D.E)/2000/9145 दिनांक 21.08.2000 के अनुसार यह विश्वविद्यालय B.Ed. (Bachelor of Education) कार्यक्रम हेतु मान्यता प्राप्त है ।

5. विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) के परिपत्र F-I-52/2000(CPP-II) दिनांक 2 नवंबर ,2004 के अनुसार यू. जी. सी. अधिनियम, 1956 सेक्शन 22(I) के अनुसार यह विश्वविद्यालय सभी प्रकार के सर्टिफिकेट, डिप्लोमा और डिग्री देने के लिए अधिकृत है ।यू. जी. सी. के अनुसार वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा द्वारा मुक्त/ दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से प्रदान किये गए सर्टिफिकेट, डिप्लोमा और डिग्री परम्परागत विश्वविद्यालय के सर्टिफिकेट, डिप्लोमा और डिग्री के समकक्ष माने जायेंगे।

6. भारतीय विश्वविद्यालय संघ के परिपत्र EV/II(80)/90/176300 दिनांक 26 फरवरी, 1991 के अनुसार इस विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान की जाने वाली समस्त उपाधियाँ मान्यता प्राप्त है ।यदि कोई विश्वविद्यालय मान्यता नहीं देता है तो ऐसे मामले विश्वविद्यालय एव संघ के नोटिस में लायें जाने चाहिए।

7. नैक ग्रेड प्रमाण पत्र ।

उपर्युक्त सभी पत्रों की मूलपत्रों की प्रतियाँ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है ।

तार:युनिग्रान्ट्स
विश्वविद्यालय अनुदान आयोग
बहादुरशाह जफर मार्ग
नई दिल्ली-110 002

GRAMS : UNIGRANTS
UNIVERSITY GRANTS COMMISSION
BAHADURSHAH ZAFAR MARG
NEW DELHI - 110 002

March 28/30, 1989

No.F.5-11/87(CPP)

The Secretary
Department of Education
Government of Rajasthan
Jaipur

Sub: **Declaration of Kota Open University, Kota as an Institution fit to receive centralassistance in terms of section 12-B of the UGC Act.**

Sir,

In continuation of this office letter of even number dated 7th June 1988, I am to say that the Commission considered the report of the expert committee appointed by it on the above subject and has declared the **Kota Open University, Kota** fit to receive central assistance in terms of the rules framed under section **12-B of the UGC Act,** for all purposes including institutional development grant (buildings, books and journals, equipment, staff etc.).

Yours faithfully
sd
(M.L. Mehta)

C.C.

1. Professor V.R. Mehta, Vice-Chancellor,Kota Open University,Kota.
2. Professor G. Rama Reddy, Vice-Chancellor, Indira Gandhi National Open University YMCA Cultural Centre, Jai Singh Road, New Delhi.
3. Shri Abhimanyu Singh, Director, Department of Education,Ministryof HumanResource Development, Shastri Bhawan, New Delhi.
4. All Officers &Sections in the UGC (Main Building) 35,Ferozeshah Road NET, South Extn.&Computer Cell.

No. : F-1-52/2000(CPP-II) Dated : 2 Nov. 2004

The Registrar
Kota Open University,
Rawatbhata Road, Akelgarh,
Kota (Rajasthan) – 324 010

Sub. : Recognition of Degrees Awarded by Open Universities

Sir,

There are a number of Open Universities in the country offering various degrees/diploma through the mode of non-formal education. The Open Universities have been established in the country by an Act of Parliament or State Legislature in accordance with the provisions contained in Section 2(f) of University Grants Commission Act, 1956. These universities are, therefore, empowered to award degrees in terms of Section 22(1) of the UGC Act, 1956.

A circular was earlier issued vide UGC letter N.F.1-8/92/(CPP) dated February, 1992 mentioning that the Certificate, Diplomas and Degrees awarded by Indira Gandhi National Open University are to be treated equivalent to the corresponding awards of the Universities in the country.

Attention is further invited to UGC circular No. F1-25/93(CPP-II) dated 28th July 1993 for recognition of degrees and diplomas as well as transfer of credit for courses successfully completed by students between the two types of universities so that the mobility of students from Open University stream to traditional Universities is ensured without any difficulty.

The UGC has specified the nomenclature of degrees under Section 22(3) of the UGC Act, 1956 to ensure mandatory requirements viz minimum essential academic inputs required for awarding such degrees. The details of Gazette Notification regarding specification of degrees are given in UGC website www.ugc.ac.in.

May, I therefore request you to treat the Degrees / Diplomas / Certificates awarded by the Open Universities in the conformity with the UGC Notification on specification of Degrees as equivalent to the corresponding awards of the traditional universities in the country.

Yours faithfully
Sd.

Encl. as above **Dr. (Mrs.) Pankaj Mittal**

oint Secretary

Copy to :

1. The Secretary, Govt. of India, Ministry of Human Resource Development, Deptt. Of Secondary and Hr. Education, Shastri Bhawan, New Delhi – 110 001.
2. The Secretary, All India Council for Technical Education, IG Sports Complex, Indraprastha State, New Delhi-110002.
3. The Secretary, Association of Indian Universities (AIU), 16, Comrade Indrajeet Gupta Marg, (Kotla), New Delhi-110002.

4. The Secretary, National Council for Teacher Education, IG Stadium, I.P. Estate, New Delhi-110002
5. The Secretary, Distance Education Council, IGNOU Campus, Maidan Garhi, New Delhi-110068
6. The Vice-Chancellor, Indira Gandhi National Open University, Maidan Garhi, New Delhi-110068
7. The Vice-Chancellor, Dr. B.R. Ambedkar Open University, Road No.46, Jubilee Hills, Hyderabad-500033 (Andhra Pradesh)
8. The Vice-Chancellor, Nalanda Open University, West Gandhi Maidan, Patna-800001 (Bihar)
9. The Vice-Chancellor, Dr. Babasahab Ambedkar Open University, Shahibaug, Ahmedabad-380003 (Gujarat)
10. The Vice-Chancellor, Karnataka State Open University, Manasagangotri, Mysore-570006 (Karnataka)
11. The Vice-Chancellor, Yashwant Rao Chavan Maharashtra Open University, Nashik-422222 (Maharashtra)
12. The Vice-Chancellor, Kota Open University (Vardhman Mahaveer Open University), Kota-324010 (Rajasthan).
13. The Vice-Chancellor, Netaji Subash Open University, Kolkata-700020 (West Bengal).
14. The Vice-Chancellor, Madhya Pradesh Bhoj (Open) University, Bhopal-462016 (M.P.).
15. The Vice-Chancellor, UP Rajrishi Tandon Open University, 17, Maharishi Dayanand Marg, Thornhill Road, Allahabad-211001.

Sd.

(C.K. Kapahi)

Under Secretary

ASSOCIATION OF INDIAN UNIVERSITIES, NEW DELHI

K. C. Kalra

Deputy Secretary

No. EV/II (80)/90/176300

26th February, 1991

Dear Prof. Sharma,

Kindly refer to your DO letter No. F.7/KOU/91, Dated 18th February, 1991 addressed to our secretary, Dr. S. K. Agrawala.All the awards of **Kota Open University** are recognized and equated with the corresponding degrees/diplomas of other universities in the country.

Kindly write to us if there has been any difficulty in acceptance of the KOU qualifications.

Kindly send the details of the programme of the university which has been included in your list.

With best wishes,

Prof. Yogehwar Sharma

Director (Planning &Development) **Kota Open University, Kota**

Northern Regional Committee
National Council for Teacher Education
(A Statutory Body of the Government of India)

TO BE PUBLISHED IN GAZETTE OF INDIA PART-III, SECTION IV

F-3/RJ-22/ B.Ed. (D.E)/2000/9145 **Dated: 21.8.2000**

RECOGNITION ORDER

In exercise of the powers vested under Section 14 (3)(a) of the National Council for Teacher Education (NCTE) Act 1993, **the Northern Regional Committee grants recognition to Kota Open University, Rawatbhata Road, Rajasthan for B.Ed. Distance Education two years from the academic session 2000-2001 with an annual intake of 500 (Five Hundred) students** subject to fulfilling the following condition:

1. All such teachers already appointed who do not fulfill the NCTE norms shall acquire the qualification as per the norms within a period of two years of this order.
2. The institution shall ensure library, laboratories and other institutional infrastructure as per NCTE norms.
3. The admission to the approved courses shall be given only to those candidates, who are eligible as per the regulation governing the course and in the manner laid down by the affiliating university/ State Government.
4. Tuition fees and other fees shall be charged from the students as per the norms of the affiliating university/ State Government till such time NCTE regulation in respect of fee structure come into force.
5. Curriculum transaction, including practical work/ activities should be organized as per the norms and standards for the course and the requirement of the affiliating university/ examining body.
6. Teaching days including practice teaching should not be less than the number fixed in the NCTE norms for the course.
7. The institution, if unaided shall maintain endowment and reserve fund as per NCTE norms.
8. The institution shall continue to fulfill the norms laid down under the regulation of the NCTE and submit the Regional committee the Annual report and the Performance Appraisal Report at the end of each academic year. The Performance Appraisal should inter alia give the extent of compliance of the condition indicated at 1 to 7 above.

If Kota Open University, Rawatbhata Road, Kota Rajasthan contravenes the provision of the NCTE Act or the rules, regulation and orders made or issued there under or fails to fulfill the above conditions, the Regional Committee may withdraw this recognition under the provision of Section 17(I) of the NCTE Act.

By order,
Sd.
Regional Director

The Manager
Govt. of India
Department of Publications, (Gazette Section)
Civil Lines, Delhi-110054

Copy to:

1. Secretary, Department of Secondary Education and Literacy, Ministry of Human Resource Development, Govt. of India, Shastri Bhawan, New Delhi.
2. Education Secretary, Higher Education, Govt of Rajasthan, Jaipur
3. Education Secretary, Secondary Education, Govt of Rajasthan, Secretariat, Jaipur
4. Registrar, Kota Open University, Rawatbhata Road, Kota, Rajasthan
5. Director, Distance Education Council (IGNOU),76, Hauz Khas, New Delhi-110016
6. The Member Secretary, National Council for Teacher Education, New Delhi- 110016
7. The Head, Department of Education, Kota Open University, Rawatbhata Road, Kota, Rajasthan
8. Computer Cell (NRC)

Sd.
Regional Director



राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग का स्वायत्त संस्थान

NATIONAL ASSESSMENT AND ACCREDITATION COUNCIL

An Autonomous Institution of the University Grants Commission

Certificate of Accreditation

The Executive Committee of the
National Assessment and Accreditation Council
is pleased to declare
Vardhman Mahaveer Open University, Kota
Rawatbhata Road, Kota, Rajasthan as
Accredited
with CGPA of 3.13 on four point scale
at A grade
valid up to September 26, 2028

Date : September 27, 2023

Director

EC(SC)/167/1st Cycle/RJUNGN114006

राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग का स्वायत्त संस्थान

NATIONAL ASSESSMENT AND ACCREDITATION COUNCIL

An Autonomous Institution of the University Grants Commission

Quality Profile

Name of the Institution : **Vardhman Mahaveer Open University, Kota**

Place : **Rawatbhata Road, Kota, Rajasthan**

Criteria	*Weightage* (W_i)	*Criterion-wise Weighted Grade Point* ($Cr\ WGP_i$)	*Criterion-wise Grade Point Averages* ($Cr\ WGP_i/W_i$)
I. Curricular Aspects	150	405	2.70
II. Teaching-Learning and Evaluation	250	848	3.39
III. Research, Innovations and Extension	200	597	2.99
IV. Infrastructure and Learning Resources	100	290	2.90
V. Learner Support and Progression	100	342	3.42
VI. Governance, Leadership & Management	100	326	3.26
VII. Institutional Values and Best Practices	100	323	3.23
Total	$\sum_{i=1}^{7} W_i = 1000$	$\sum_{i=1}^{7} (CrWGP_i) = 3131$	

$$\textit{Institutional CGPA} = \frac{\sum_{i=1}^{7} (CrWGP_i)}{\sum_{i=1}^{7} W_i} = \frac{3131}{1000} = \boxed{3.13}$$

Grade = **A**

Date : September 27, 2023

Director

- This certification is valid for a period of *Five* years with effect from September 27, 2023
- An institutional CGPA on four point scale in the range of 3.51 - 4.00 denotes A^{++} grade, 3.26-3.50 denotes A^{+} grade, 3.01-3.25 denotes A grade, 2.76-3.00 denotes B^{++} grade, 2.51-2.75 denotes B^{+} grade, 2.01-2.50 denotes B grade, 1.51-2.00 denotes C grade
- Scores rounded off to the nearest integer

EC(SC)/167/1st Cycle/RJUNGN114006

लोकपाल, वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा

प्रो० जी. सोरल, (सेवानिवृत आचार्य, वाणिज्य संकाय) मोहन लाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (छात्रों की शिकायतों का निवारण) विनियम, 2023 के बिन्दु संख्या 6 (iii) के अनुसार वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा में लोकपाल के पद पर मानद नियुक्ति प्रदान की जाती है। प्रो० जी. सोरल, (सेवानिवृत आचार्य, वाणिज्य संकाय) मोहन लाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर की लोकपाल के पद पर मानद नियुक्ति (छात्रों की शिकायतों का निवारण) विनियम, 2023 के बिन्दु संख्या 6 (v) के अनुसार लोकपाल का पद ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्ष की अवधि के लिए अथवा 70 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक, इनमें से जो भी पहले हो, के लिए नियुक्त किया जाता है।

लोकपाल के कार्यकरण विश्वविद्यायल अनुदान आयोग (छात्रों की शिकायतों का निवारण) विनियम, 2023 के प्रावधानों के अनुसार होंगे।

वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा

(Vardhman Mahaveer Open University, Kota)

विश्वविद्यालय: एक परिचय (University: An Introduction)

प्रस्तावना(Introduction)

सन् 1986 में देश की केन्द्रीय सरकार ने नई शिक्षा नीति को स्वीकार करते समय यह माना कि स्वतंत्रता प्राप्ति के इतने वर्षों बाद भी भारत में उच्च शिक्षा के लिए उपलब्ध अवसर अपर्याप्त और असमान है। इस नीति में इस बात पर भी बल दिया गया था कि पारम्परिक शिक्षा प्रणाली की सीमाओं को ध्यान में रखते हुए एक नवीन शिक्षा प्रणाली को अपनाया जाये, जो उच्च शिक्षा से वंचित लोगों को शिक्षा के समुचित अवसर प्रदान करें और व्यावसायिक उन्नयन में अपनी शैक्षणिक योग्यताओं में अभिवृद्धि करने के आकांक्षी शिक्षार्थियों को उच्च शिक्षा का सीधा लाभ पहुँचा सके। इन्हीं आधारभूत उद्देश्यों की पूर्ति हेतु मुक्त शिक्षा प्रणाली तथा दूरस्थ शिक्षा प्रणाली को अपनाकर देशभर में नए मुक्त विश्वविद्यालयों की स्थापना की गई। राजस्थान सरकार ने भी दूरदर्शिता का परिचय देते हुए विधानसभा से पारित अधिनियम के अंतर्गत सन् 1987 में कोटा खुला विश्वविद्यालय की स्थापना की। विश्वविद्यालय का मुख्यालय कोटा शहर बनाया गया किन्तु इसका कार्यक्षेत्र सम्पूर्ण राजस्थान को घोषित किया गया। बाद में **21 सितम्बर, 2002 से इसका नाम बदलकर वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा कर दिया गया।** इस प्रकार कार्यक्षेत्र की दृष्टि से यह विश्वविद्यालय आज राजस्थान का सबसे बड़ा विश्वविद्यालय है।

इस बीच, वर्ष 2020 में एक बार फिर से राष्ट्रीय शिक्षा नीति लाई गई। इसका प्रमुख उद्देश्य था कि शिक्षा को स्किल ओरियंटेड बनाना और बहु विषयक शिक्षा को बढ़ावा देना। इसके अलावा स्नातक और परा-स्नातक में सेमेस्टर पद्धति से शिक्षा को सुचारू करना शामिल है। उच्च शिक्षा में सकल नामांकन अनुपात (जीईआर) को साल 2035 तक 50% तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए देश के उच्च शिक्षा संस्थानों में 3.5 करोड़ नई सीटें जोड़ी जाएंगी। बहु-विषयक शिक्षा के कारण छात्रों को उनके करियर की आकांक्षाओं के मुताबिक विषय और निकास बिंदु चुनने की सुविधा दी जाएगी। स्नातक में छात्र कई स्तरों पर पाठ्यक्रम को छोड़ सकेंगे और उन्हें उसी के मुताबिक डिग्री या प्रमाण-पत्र दिया जाएगा। उच्च शिक्षा में व्यावसायिक प्रशिक्षण को भी शामिल किया गया है। साथ ही भारत उच्च शिक्षा आयोग (HECI) का गठन किया गया है। यह चिकित्सा और कानूनी शिक्षा को छोड़कर पूरे उच्च शिक्षा क्षेत्र के लिए एकल निकाय होगा। एनईपी 2020 के तहत अंतरराष्ट्रीयकरण को बढ़ावा देने के लिए कई विदेशी विश्वविद्यालयों के साथ साझेदारी स्थापित की जाएगी।

उद्देश्य (Objectives)

- उच्च शिक्षा के प्रसार के उद्देश्य से शिक्षा प्राप्ति के इच्छुक सभी समूहों, रोजगार प्राप्त व्यक्तियों, महिलाओं, विशेष योग्य जन एवं वयस्कों को शिक्षा प्राप्ति का अवसर प्रदान करना। कम कीमत पर गुणात्मक एवं रोजगारोन्मुखी उच्च शिक्षा उपलब्ध कराना।
- प्रदेश के उच्च शिक्षा से वंचित दूरस्थ क्षेत्रों, आदिवासी एवं मरूस्थलीय क्षेत्र में उच्च शिक्षा का प्रचार-प्रसार करना।

प्रमुख विशेषताएँ (Salient Features)

- प्रवेश सम्बन्धी लचीले नियम।
- UG व PG कार्यक्रमों में लैटरल एंट्री सूचना अनुसार।
- शिक्षार्थी को उसकी अध्ययन क्षमताओं और सुविधाओं के अनुरूप अध्ययन के अवसर उपलब्ध करवाना।
- अगली कक्षा/समेस्टर में प्रवेश हेतु परीक्षा में उत्तीर्ण होने की बाध्यता नहीं।
- शैक्षणिक पाठ्यक्रमों में विकल्प आधारित विषय चुनने की स्वतंत्रता।
- आधुनिक संचार और शैक्षणिक तकनीकी का उपयोग।
- दूरस्थ शिक्षार्थियों की मदद के लिये विद्यार्थी सहायता सेवाओं का संचालन।
- ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया व ऑनलाइन परीक्षा प्रवेश पत्र।
- डेबिट कार्ड, इंटरनेट बैंकिंग,IMPS, यूपीआईएवं ई- मित्र से शुल्क जमा करने की सुविधा।

- पाठ्यपुस्तक (SLM)की हार्ड कॉपी न लेने पर कार्यक्रम शुल्क में15% की छूट
- वेबसाइट पर परिचय पत्र, SLM, प्रश्न बैंक और सत्रीय कार्य (Student one view)
- वेबसाइट में स्टूडेंट वन व्यू (Student one view) एक सुविधा है जिससे विद्यार्थी अपनी समस्त जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।
- विद्यार्थी परामर्श शिविर। वेबसाइट पर डिजीटल अध्ययन सामग्री की उपलब्धता।
- वेबसाइट पर मल्टीमीडिया आधारित व्याख्यान की उपलब्धता।
- ऑनलाइन चयनित कार्यक्रमों की भी सुविधा।
- बालिका दूरस्थ शिक्षा के तहत राज्य सरकार द्वारा फीस का पुनर्भरण।

विश्वविद्यालय द्वाराविभिन्न कार्यक्रमों में संचालित प्रवेश प्रक्रिया

विश्वविद्यालय प्रतिवर्ष जुलाई एवं जनवरी सत्र में ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित करता है। जुलाई सत्र हेतु 1 जुलाई से 31 अगस्त के मध्य एवं जनवरी सत्र हेतु 1 जनवरी से 28/29 फरवरी के मध्य आवेदन किये जाते हैं। दोनों सत्रों में विश्वविद्यालय प्रमुख समाचार पत्रों में प्रेस विज्ञप्ति जारी करता है। ऑनलाईन प्रवेश हेतु विद्यार्थी ई—मित्र के माध्यम से या स्वयं आवेदन विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.vmou.ac.in पर विश्वविद्यालय नियमानुसार कर सकता है। विभिन्न कार्यक्रमों में प्रवेश हेतु या कार्यक्रम के संबंध में जानकारी विवरणिका में उपलब्ध है व प्रवेश सम्बन्धी सूचनाएं विश्वविद्यालय वेबसाइट पर समय समय पर उपलब्ध कराई जाती हैं

नोट —लैटरल एन्ट्री का शुल्क केवल चालान से सम्बंधित क्षेत्रीय केन्द्र पर जमा होता है।

शैक्षणिक कार्यक्रम (Academic Programmes)



Ph.D. Program

University is a research-intensive institution committed to creating and sharing knowledge for societal benefit. The university emphasizes quality research through publications, patents, and collaborations. University offers doctoral programs across 13 academic departments, available only in regular mode.

Admission Session: January Session only.

In accordance UGC public notice no. F.4-1(UGC-NET review Committee) 2024(NET)/140648 dated March 27, 2024 Admission is governed by **UGC regulations**, and candidates may be eligible for direct admissions who have qualified the **fellowship/scholarship in UGC-NET/UGC- CSIR NET/GATE/CEED and similar National level tests based on an interview and academic document verification.** The merit shall be prepared for final admission as per the availability of seats. Admissions will be subject to the availability of seats as per the norms. Depending on the availability of seats for research in the Ph.D. program, the university may advertise admission in those particular subjects. This Ph.D. program is not offered in distance mode. Further details about the Ph.D. program are available on the university website and are updated from time to time. Tentative notifications for Ph.D. admission applications will be displayed in November- December; all the information shall be uploaded on the website.

Ph.D. Subjects

1. Botany
2. Commerce
3. Computer Science
4. Economics
5. Education
6. English
7. Geography
8. Journalism
9. Mathematics
10. Physics
11. Public Administration
12. Sanskrit
13. Zoology

The Credit requirement for the Ph.D. coursework is a maximum of 16 credits, including a "Research and Publication Ethics" course as notified by UGC vide D.O. No. F.1-1/2018(Journal/CARE) in 2019 and a research methodology course. The Research Advisory Committee can also recommend UGC recognized online courses as part of the credit requirements for the Ph.D. program. Students will undergo a common course work for 8 credits (Module 1&2). 75% attendance of the student in the Pre-Ph.D. Course Work.

व्यावसायिक पाठ्यक्रम (Professional Programmes)

वर्तमान समय में व्यावसायिक पाठ्यक्रम शिक्षार्थी को पेशेवर प्रशिक्षण प्रदान करने की दिशा में लक्षित कर रहे हैं और उसे विशेष क्षेत्र के लिए पेशेवर सक्षम बना रहे है। इसी दिशा में वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रम शिक्षार्थी को पेशेवर शिक्षा एव प्रशिक्षण प्रदान कर रहें हैं।

विद्यार्थी सहायता सेवाएँ (Student Support Services)

(i) क्षेत्रीय सेवा प्रभाग (Regional Services Division)

क्षेत्रीय सेवा प्रभाग का मुख्य कार्य शिक्षा को विद्यार्थियों के द्वार तक पहुँचाकर उच्च शिक्षा पाने के इच्छुक सभी विद्यार्थियों की उच्च कोटि की शिक्षा सुलभ कराने की व्यवस्था करना है। विद्यार्थियों की सहायता के लिए विश्वविद्यालय द्वारा राज्य के सात संभागीय मुख्यालय (अजमेर, बीकानेर, जयपुर, जोधपुर, कोटा, उदयपुर एवं भरतपुर) पर क्षेत्रीय केन्द्र एवं तहसील स्तर पर 121 अध्ययन केन्द्र स्थापित किये हैं। प्रत्येक क्षेत्रीय केन्द्र/अध्ययन केन्द्र पर पाठ्यक्रम के परामर्शदाता उपलब्ध है जोकि अध्ययन के लिए विद्यार्थी के निकटतम संपर्क सूत्र है और वे अपनी उपस्थिति द्वारा अध्ययन में विद्यार्थी को सहायता प्रदान करते हैं। इसके अतिरिक्त विद्यार्थी की सुविधा के लिए कार्यक्रम समन्वयक नियुक्त किए गए हैं, विद्यार्थी संबंधित कार्यक्रम के समन्वयक से सम्पर्क कर सकते है। अध्ययन केन्द्रों की सूची विवरणिका में उपलब्ध है।

क्षेत्रीय सेवा प्रभाग मुख्यत: तीन स्तरीय ढांचा है



क्षेत्रीय सेवा प्रभाग के प्रमुख कार्य (The Main functions of Regional Services Division)

1. क्षेत्रीय केन्द्रों और अध्ययन केन्द्रों की स्थापना और प्रबंधन के संबंध में नीतियों, प्रणालियों और प्रक्रियाओं का विकास करना।
2. नए अध्ययन केन्द्रों और मौजूदा क्षेत्रीय केन्द्रों के समन्वय की गतिविधियों के लिए योजना बनाना।
3. क्षेत्रीय केन्द्रों और अध्ययन केन्द्रों पर विभिन्न शैक्षणिक कार्यक्रमों के लिए आधारभूत संरचना का निर्माण करना।
4. क्षेत्रीय केन्द्रों व अध्ययन केन्द्रों के नेटवर्क की प्रशासनिक व्यवस्था पर्यवेक्षण व दिशा निर्देश देना।
5. अध्ययन केन्द्रों पर क्षेत्रीय केन्द्रों के माध्यम से विद्यार्थियों हेतु अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन करवाना।
6. भावी विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय में संचालित विविध शैक्षणिक कार्यक्रमों की जानकारी प्रदान करना।
7. विवरणिका का निर्माण करना तथा उसको Online Website पर उपलब्ध करवाना।

(ii) क्षेत्रीय केन्द्र (Regional Centre)

वर्तमान में वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय के कुल 7 क्षेत्रीय केन्द्र हैं जो कि अजमेर, बीकानेर, जयपुर, जोधपुर, कोटा ,उदयपुर एवं भरतपुर जिले में स्थित हैं । इन क्षेत्रीय केन्द्रों के पते, ई-मेल, सम्पर्क सूत्र विवरणिका के बैक कवर पेज पर उपलब्ध हैं । विद्यार्थी अपनी सुविधा के अनुसार इन केन्द्रों से संपर्क कर सकते हैं ।

क्षेत्रीय केन्द्रों के प्रमुख कार्य

1. **विकास की भूमिका (Developmental Role):-** क्षेत्रीय केंद्र दूरस्थ और मुक्त शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए निम्न गतिविधियाँ संचालित कर रहे हैं -
    - विश्वविद्यालय के विभिन्न शैक्षणिक कार्यक्रमों के बारे में जागरूकता पैदा करना ।
    - विद्यार्थियों के प्रति सकारात्मक और सहायक व्यवहार को बढ़ावा देना ।
    - क्षेत्रीय और स्थानीय स्थलों पर विभिन्न कार्यक्रमों में भागीदारी के माध्यम से दूरस्थ शिक्षा प्रणाली को बढ़ावा देना ।
2. **विद्यार्थियों का नामांकन (Admission of Students):-** क्षेत्रीय केन्द्रों को उनके क्षेत्र के विद्यार्थियों के प्रवेश के काम की जिम्मेदारी दी गई है । विद्यार्थियों से प्राप्त प्रवेश आवेदन पत्र के Verification/Validation संपादित करने के उपरान्त विद्यार्थियों को प्रवेश देना एवं उनकी शिकायतों का निवारण करना इत्यादि प्राथमिक दायित्व क्षेत्रीय केन्द्रों का है।
3. **परामर्शसत्रों का आयोजन (Counselling Sessions):-**दूरस्थ शिक्षा प्रणाली में परामर्श का विशेष स्थान है। प्रत्येक क्षेत्रीय केंद्र के अधीन अध्ययन केंद्र पर मुख्य समन्वयक / समन्वयक होते हैं जो कि शिक्षण एवं परामर्श हेतु काउंसलिंग कक्षाओं का आयोजन करते हैं।
4. **सम्पर्क शिविर एवं प्रायोगिक कक्षाओं का आयोजन (Contact Camps/ Practical Classes):-** ऐसे पाठ्यक्रम जिनमें प्रायोगिक पाठ्यक्रम (प्रश्न पत्र) होते हैं उनमें अध्ययन केन्द्रों पर सम्पर्क शिविर / प्रायोगिक कक्षाओं / परामर्श कक्षाओं का आयोजन क्षेत्रीय केन्द्र करता है जिसकी सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध की जाती है।
5. **शैक्षणिक परामर्शदाताओं का चयन (Selection of Counselor):-**अध्ययन केन्द्रों के नेटवर्क के माध्यम से, क्षेत्रीय केंद्र अपने क्षेत्र में उपयुक्त शैक्षणिक परामर्शदाताओं का चयन करता है । क्षेत्रीय केंद्र परामर्श, प्रैक्टिकल और गृह कार्य के लिए शैक्षणिक सलाहकार के रूप में उपयुक्त व्यक्तियों की नियुक्ति करता है ।
6. **शैक्षणिक परामर्शदाताओं का अभिविन्यास (Orientation of Educational Counselors):-**हमारे शैक्षणिक परामर्शदाता पारंपरिक प्रणाली से आते हैं अतः परामर्शदाताओं को मुक्त विश्वविद्यालय प्रणाली में उन्मुख करने के लिए क्षेत्रीय केन्द्रों द्वारा आवश्यक ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं।
7. **विद्यार्थियों के लिये अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन (Orientation Programme for Students) :-** क्षेत्रीय केन्द्र अपने प्रत्येक अध्ययन केन्द्र पर पंजीकृत विद्यार्थियों हेतु अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित करवाता है ताकि विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय की काउंसलिंग कक्षाओं, प्रायोगिक शिविरों, परीक्षा पद्धतियों और नियमों की जानकारी प्रदान की जा सके।
8. **मुख्य समन्वयकों/समन्वयकों की बैठक का आयोजन (Conduction of Meetings of Chief Co-ordinator/ Co-ordinators):-** क्षेत्रीय केन्द्र मुख्य समन्वयकों / समन्वयकों की बैठक का आयोजन करता है।
9. **आंतरिकगृह कार्यों का मूल्यांकन (Evaluation of Internal Assignment) :-**क्षेत्रीय केन्द्र विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सत्रीय/आन्तरिक गृह कार्य का मूल्यांकन करवाता है।
10. **परीक्षा हेतु आयोजन व्यवस्था करवाना (Arrangement for Examination) :-** क्षेत्रीय केन्द्र सत्रांत परीक्षाओं व प्रायोगिक परीक्षाओं का आयोजन करवाता है।
11. **अध्ययन केन्द्रों का निरीक्षण (Inspection of StudyCenters) :-** क्षेत्रीय केन्द्र समय समय पर अध्ययन केन्द्रों का निरीक्षण करते हैं एवं अन्य अध्ययन केन्द्र खोलने या बंद करने का सुझाव प्रदान करते हैं।
12. **बिलों का निस्तारण (Disposal of bills) :-**समस्त प्रकार के बिल क्षेत्रीय केन्द्र प्रमाणित करके मुख्यालय को उपलब्ध करवाने की जिम्मेदारी का निर्वहन करते हैं।

13.रिकार्ड संधारण (Keeping of records): क्षेत्रीय केन्द्र विद्यार्थियों से सम्बंधित समस्त रिकार्डों यथा प्रवेश आवेदन फार्म व अन्य का संधारण करेगा।

(iii) अध्ययन केन्द्र (Study Centre)

मुक्त विश्वविद्यालय प्रणाली में अध्ययन केंद्र विद्यार्थियों की सहायता सेवाओं के रूप में स्थानीय केंद्र की अवधारणा पर बनाया जाते हैं। विद्यार्थियों को शैक्षणिक सुविधाओं और विश्वविद्यालय के साथ संचार लिंक की पेशकश करने के लिए अध्ययन केन्द्र स्थापित किये गये हैं। अध्ययन केन्द्रों पर परामर्श सत्र, ऑडियो वीडियो सत्र का आयोजन किया जाता है, इसका मूल उद्देश्य नवीनतम संचार प्रौद्योगिकी से सीखने के लिए शिक्षार्थी में रुचि उत्पन्न करना है। वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय के 121 अध्ययन केन्द्र हैं जो कि अजमेर, बीकानेर, जयपुर, जोधपुर, कोटा, उदयपुर एवं भरतपुर स्थित क्षेत्रीय केन्द्रों के अधीन कार्य करते हैं।इन अध्ययन केन्द्रों के नाम, पते, सम्पर्क सूत्र विवरणिका के अंतिम पृष्ठों पर अंकित हैं।

अध्ययन पद्धति (Study Pattern)

इस विश्वविद्यालय में शिक्षण पद्धति पारंपरिक विश्वविद्यालयों द्वारा अपनाई जा रही कक्षा अध्ययन पद्धति से भिन्न है। खुला विश्वविद्यालय की शिक्षा पद्धति स्व-अधिगम पर आधारित है। यह एक अध्येता-केन्द्रित पद्धति (Learner Centric) है। इस कारण इस पद्धति में विद्यार्थियों पर सक्रिय अध्ययन का उत्तरदायित्व अधिक होता है। इस बहुआयामी मुक्त शिक्षण-अध्ययन पद्धति में निम्नलिखित तत्त्व सम्मिलित हैं:-

- भारत के विभिन्न विश्वविद्यालयों के योग्यतम शिक्षकों द्वारा तैयार की गई उच्च गुणवत्तायुक्त पाठ्य सामग्री विद्यार्थी को प्रदान की जाती है।
- स्नातकोत्तर उपाधि, स्नातक उपाधि एवं कुछ अन्य चयनित कार्यक्रमों में सतत् मूल्यांकन की दृष्टि से सत्रीय/आन्तरिक गृह कार्य की व्यवस्था। इससे विद्यार्थियों को निरन्तर अध्ययनरत और अभ्यासरत रहने की प्रेरणा मिलती है।
- दृश्य-श्रव्य माध्यमों द्वारा योग्यतम विद्वानों के व्याख्यान एवं विचार।
- अध्ययन केन्द्रों पर अकादमिक परामर्शदाताओं के साथ सप्ताहांत विचार विमर्श की कक्षायें।
- फोन-इन-रेडियो और काउंसलिंग माध्यम द्वारा उत्तम गुणवत्ता के परामर्शसत्र।
- समय-समय पर आयोजित छात्र समस्या समाधान शिविर द्वारा विद्यार्थी एवं शिक्षक में संवाद।
- विश्वविद्यालय द्वारा सत्र पर्यन्त शंका समाधान शिविर का आयोजन।
- विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड विभिन्न विषयों के प्रश्न बैंक के माध्यम से स्वयं परीक्षा हेतु अभ्यासरत रहने का प्रयास।
- एस० एल० एम० (SLM) प्रारूप में प्राप्त पाठ्यसामग्री के साथ साथ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध पाठ्यसामग्री का डिजिटलाइज्ड रूप और वीडियो व्याख्यान की सुविधा भी विद्यार्थियों के अध्ययन हेतु विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर स्टूडेंट वन व्यू (Student one view) में उपलब्ध ।https://online.vmou.ac.in/Admission_Statusway.aspx

स्व-अध्ययन सामग्री(Self Learning Material): विश्वविद्यालय में पंजीकृत विद्यार्थियों को मुद्रित स्व-अध्ययन सामग्री प्रदान की जाती है। सम्पूर्ण पाठ्यक्रम को विभिन्न इकाइयों में विभाजित किया गया है। प्रत्येक इकाई के प्रारम्भ में इकाई की रूपरेखा दी गयी है जिसमें इकाई के उद्देश्य एवं प्रस्तावना के अतिरिक्त सम्पूर्ण जानकारी छोटे-छोटे एवं शीघ्र समझ में आ सकने वाले अनुच्छेदों में है। इसमें जगह-जगह पर स्वगृह कार्य प्रश्न एवं निर्धारित स्थान पर अभ्यास प्रश्न भी दिये गये हैं, जिससे विद्यार्थी अपनी प्रगति को स्वयं जाँच सकता है। प्रत्येक इकाई के अंत में सारांश, शब्दावली एवं कुछ उपयोगी पुस्तकों की सूची भी दी जाती है। वर्तमान में अध्ययन सामग्री का डिजिटलाइजेशन कर ऑनलाइन उपलब्ध करवाया जा रहा है तथा समस्त विषयों से सम्बद्ध वीडियो व्याख्यान (Video Lecture) तैयार करवाये गये हैं जो विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.vmou.ac.in एवं उसके यू-टयूब चैनल vmouonline पर उपलब्ध करवाया जा रहा है। ऑनलाइन कार्यक्रम में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को ऑफलाइन पाठ्यसामग्री उपलब्ध नही करवाई जायेगी एवं ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने कार्यक्रम फीस में 15% की छूट ली हैं उन्हें भी पाठ्यसामग्री उपलब्ध नहीं करवाई जायेगी।

परीक्षा पद्धति (Examination Pattern)

वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय की परीक्षा प्रणाली के दो प्रमुख तत्त्व हैं -

(क) सत्रीय /आन्तरिक गृह कार्य

(ख) सत्रांत परीक्षा

(क) आन्तरिक गृह कार्य (Internal Home Assignment) / प्रायोगिक (Practicals) / परियोजना (Project) / लघुशोध प्रबंध

(Dissertation) हल करने सम्बन्धित निर्देश -

यह परीक्षा का अभिन्न अंग है। स्मरण रहे कि जिन पाठयक्रमों में आन्तरिक गृह कार्य/ प्रायोगिक/ प्रोजेक्ट/ लघुशोध प्रबन्ध का प्रावधान है, उन्हें समय पर नहीं जमा करने पर उक्त विद्यार्थी को विश्वविद्यालय द्वारा दिए जाने वाले परीक्षा, गोल्ड मेडल, स्कॉलरशिप इत्यादि के लिए वि.वि. द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार कार्यवाही की जायेगी। जिसके लिए विद्यार्थी स्वयं जिम्मेदार होगा। प्रायोगिक परीक्षाओं की तिथियों की जानकारी हेतु सम्बन्धित क्षेत्रीय केंद्र पर संपर्क करे अथवा विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.vmou.ac.inपर देखें। **परियोजना (Project) एवं लघुशोध-प्रबन्ध (Dissertation) रजिस्टर्ड डाक अथवा स्पीड पोस्ट से परीक्षा नियंत्रक, वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, रावतभाटा रोड, कोटा- 324010**के नाम भेजें।

- **15 मार्च** से **15 मई** के मध्य विद्यार्थी आन्तरिक गृह कार्य (Internal Home Assignment)/ परियोजना (Project) / लघुशोध-प्रबन्ध (Dissertation) जमा करवा दें, जो जून में होने वाली परीक्षा में सम्मिलित होने जा रहे हैं।
- **15 अगस्त से 15 नवम्बर** तक वे विद्यार्थी आन्तरिक गृह कार्य (Internal Home Assignment)/ परियोजना (Project) / लघुशोध-प्रबन्ध (Dissertation) जमा करवा दें जो दिसम्बर में होने वाली परीक्षा में सम्मिलित होने जा रहे हैं।

(i) आन्तरिक गृह कार्य (Internal Home Assignment) : जिन कार्यक्रमों में विश्वविद्यालय द्वारा आन्तरिक गृह कार्य (असाइनमेंट) प्रदान किये जाते हैं उन्हें विद्यार्थियों को अपने घर पर हल करके उपर्युक्त दिनांक तक सूचना अनुसार विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय केंद्र / अध्ययन केंद्र के कार्यालय में जमा करवाने होगे। असाइनमेंट विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर स्टूडेंट वन व्यू से डाउनलोड किया जा सकता है। विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर स्टूडेंट वन व्यू पर उपलब्ध अध्ययन सामग्री (पाठ्य पुस्तक e-SLM) से भी अध्ययन कर सत्रीय कार्य पूरा कर सकता है। इसे जमा करने बाद उसकी तारीख का विवरण भी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर स्टूडेंट वन व्यू पर देखा जा सकता है।आन्तरिक गृह कार्य के प्रथम पृष्ठ पर निम्नलिखित प्रारूप में सूचना भरें -

1. कार्यक्रम का नाम	2. सत्र	3. स्कॉलर संख्या
4. सत्रीय/आन्तरिक गृह कार्य संख्या	5. जमा करवाने का दिनांक	6. पाठ्यक्रम कोड
7. पाठ्यक्रम का नाम	8. विद्यार्थी का नाम	9. पिता का नाम
10. पत्र व्यवहार का पता	11. अध्ययन केन्द्र का नाम	12. क्षेत्रीय केन्द्र का नाम

आपको प्रत्येक पाठ्यक्रम का एक आन्तरिक गृह कार्य प्रस्तुत करना है। आन्तरिक गृह कार्य करने के लिए आप A-4 साइज के पृष्ठ पर स्वयं की हस्तलिपि और स्वयं के शब्दों में उत्तर लिखें।उक्त निर्देशों की अवहेलना करने पर विधार्थियों के विरुद्ध कार्यवाहीं की जा सकती है। स्नातकोत्तर कक्षाओं में 20 प्रतिशत तथा स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए 30 प्रतिशत अंकों के आधार पर गृह कार्य किया जाएगा। इस हेतु संबंधित विषय का विवरण देखें।

(ii) प्रायोगिक (Practicals) : प्रायोगिक से आशय ऐसे कार्य से है जो विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित किसी प्रयोगशाला (Specific Lab) अथवा विशिष्ट अवधि से सम्बद्ध क्षेत्र कार्य (Field Work) से हो। प्रायोगिक परीक्षा प्रणाली, प्रायोगिक शिविर के नियम इत्यादि को समय–समय पर परिवर्तित करने का अधिकार विश्वविद्यालय के पास सुरक्षित हैं, जिसकी जानकारी समय–समय पर विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर दर्शाई जाती है। प्रायोगिक शिविर के स्थान के सम्बन्ध में प्रवेशित क्षेत्रीय केन्द्र पर संपर्क करे

FAQ देखें। सत्रांत प्रायोगिक परीक्षा में शामिल होने हेतु अनिवार्य प्रायोगिक सम्पर्क शिविर में 75% उपस्थिति आवश्यक है। इसके अभाव में आपको प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित नहीं किया जायेगा । विश्वविद्यालय को अनिवार्य प्रायोगिक शिविर की समयावधि परिवर्तन करने का अधिकार है । विद्यार्थी प्रवेश से पूर्व यह भलीभांति विचार कर ले कि विश्वविद्यालय द्वारा समय—समय पर लिये गये प्रायोगिक संबंधित समस्त निर्णय उसे मान्य होंगे। विद्यार्थी के चिकनपाक्स, स्वाइन फ्लू, कोरोना इत्यादि संक्रामक बीमारी की अवस्था में प्रायोगिक शिविर एवं प्रायोगिक परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं होगी ।

(iii) परियोजना (Project) : परियोजना से आशय विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित किसी विषय विशेष से सम्बद्ध सर्वे रिपोर्ट से है जो विद्यार्थी द्वारा जमा करवायी जाएगी । इससे विद्यार्थी के स्वानुभव तथा विषय विशेष से सम्बन्धित विश्लेषण क्षमता का ज्ञान हो पाएगा। विश्वविद्यालय द्वारा विद्यार्थी को निर्देशक (Supervisor) उपलब्ध नहीं करवाया जाएगा। प्रोजेक्ट कार्य एक रिपोर्ट के रूप में जमा करवाना होगा ।

(iv) लघु शोध-प्रबन्ध (Dissertation) : लघुशोध प्रबन्ध से आशय विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित किसी विषय विशेष से सम्बद्ध शोध कार्य से है जो किसी शोध निर्देशक के निर्देशन में विद्यार्थी द्वारा जमा करवाया जाएगा। यह लिखित रिपोर्ट के रूप में होगा । इसमें विश्वविश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित दिनांक तथा समय पर शोध प्रबन्ध पर आधारित एक मौखिक परीक्षा (Viva-voce) भी होगी ।

(ख) सेमेस्टर परीक्षा (Semester Examination)

कार्यक्रम की न्यूनतम अवधि पूरी होने के बाद विश्वविद्यालय द्वारा सेमेस्टर आधारित मुख्य परीक्षा आयोजित की जायेगी । सामान्य परिस्थितियों में सेमेस्टर आधारित जून की परीक्षा 1 जून (संभावित) और सेमेस्टर आधारित दिसम्बर की परीक्षा 21 दिसम्बर (संभावित) से प्रारम्भ होगी । कार्यक्रम में प्रवेश के बाद प्रथम बार सेमेस्टर आधारित परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए अलग से कोई परीक्षा फार्म नहीं भरना है । जिन विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है वे सभी छह माह बाद होने वाली परीक्षाओं में अवश्य बैठे इसके लिए कोई अलग शुल्क देय नहीं है । परीक्षा अनुमति पत्र (Permission Letter) विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.vmou.ac.in से डाउनलोड करें। परीक्षा अनुमति पत्र विद्यार्थियों के घर नहीं भेजा जाएगा इसकी सूचना सामान्यता समाचार पत्र में व विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर दी जाती है । पृथक से SMS नही भेजा जाएगा । प्रवेश सत्र जनवरी 2025 से आगामी प्रवेश सत्रों की परीक्षा आयोजन विश्वविद्यालय द्वारा सेमेस्टर प्रणाली के अनुसार आयोजित की जावेगी ।

(1) परीक्षा परिणाम (Examination Result)

विश्वविद्यालय द्वारा सेमेस्टर परीक्षा उपरान्त विद्यार्थी के परीक्षा परिणाम विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर ही जारी किये जाते हैं और इसे वेबसाइट मे स्टूडेंट वन व्यू (Students One View) मे भी देखा जा सकता है । बाएं कॉर्नर में दिए गए ड्रॉप डाउन से कार्यक्रम का चयन कर अलग-अलग सत्र के परीक्षा परिणाम देख सकते हैं । रिमार्क कॉलम में SC:उत्तीर्ण (Successful), NC: अनुत्तीर्ण (Not Clear), G:ग्रेस (Grace), Ab: अनुपस्थित (Absent), आफ्टर रिवैल्यूएशन में रिवैल्यूएशन के बाद का परिणाम दर्शाया गया है ।

लुकअप टीआर में अन्तिम परीक्षा परिणाम जारी करने का सत्र तथा कार्यक्रमों का अंतिम परीक्षा परिणाम दर्शाया जाता है । विद्यार्थियों की अंकतालिका का प्रेषण विवरण जिसमे विद्यार्थियों के पते पर भेजी जाने वाली अंकतालिका का रजिस्टर्ड डाक/ट्रैकिंग नंबर, भेजे जाने की दिनांक इत्यादि का विवरण दर्शाया जाता हैं । परीक्षा मे अनुतीर्ण विद्यार्थियों की मार्कशीट नहीं भेजी जाती है ।

(2) सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक(Theoreticaland Practical) परीक्षा केन्द्रों में परिवर्तन

सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक परीक्षा केन्द्रों को बदलने का आवेदन ऑनलाइन ही स्वीकार्य होगा । **ऑफलाइन आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जायेगा** । इसकी विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर देखी जा सकती है । सैद्धांतिक परीक्षा के लिये परीक्षा केंद्र बदलने हेतु जून परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थी को अप्रैल से मई माह के मध्य तक एवं दिसम्बर परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थी को अक्टूबर से नवंबर माह के मध्य तक ऑनलाइन स्वयं आवेदन करना होगा । प्रायोगिक परीक्षा के लिये परीक्षा केंद्र बदलने हेतु **जून परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थी को अप्रैल से मई माह के मध्य तक एवं दिसम्बर परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थी को अक्टूबर से नवंबर माह के मध्य तक** डिफॉल्टर परीक्षा फॉर्म भरने की अवधि के दौरान अवसर प्रदान किया जाता है। ऑनलाइन स्वयं विद्यार्थी को आवेदन करना होगा ।

नोट : —उपर्युक्त तिथि के पश्चात किसी भी प्रकार का आवेदन स्वीकार्य नहीं होगा तथा उक्त तिथियों में यदि कोई परिवर्तन होगा तो विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर सूचना जारी की जायेगी ।

- प्रवेश सत्र जुलाई 2018 एवं इसके उपरांत B.Sc कार्यक्रम (B.Sc. प्रथम वर्ष, B.Sc. लेटरल एन्ट्री द्वितीय वर्ष, B.Sc. लेटरल एन्ट्री तृतीय वर्ष) में पहली बार VMOU में प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए प्रायोगिक विषयों भौतिकी, रसायन विज्ञान, वनस्पति शास्त्र, प्राणीशास्त्र, जैवप्रौद्योगिकी के प्रायोगिक परीक्षा के डिफाल्टर फार्म जनवरी माह या सूचना अनुसार में आरंभ किये जायेंगे। विस्तृत जानकारी के लिए इस विवरणिका में B.Sc. कार्यक्रम को देखें ।

(3) परीक्षा माध्यम (Medium of Examination)

विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित आंतरिक ग्रहकार्य एवं सत्रांत परीक्षा के लिए यदि पाठ्यक्रम सामग्री हिन्दी में दी जाती है तब भी यह आवश्यक नहीं है कि परीक्षा माध्यम हिन्दी रखा जाये। आप चाहें तो पाठ्यक्रम सामग्री का माध्यम हिन्दी होने पर भी परीक्षा का माध्यम अंग्रेजी चुन सकते हैं । इसी तरह यदि विश्वविद्यालय आपको अंग्रेजी में पाठ्यसामग्री उपलब्ध करवाता है तो भी परीक्षा का माध्यम हिन्दी अथवा अंग्रेजी हो सकता है-भाषा के प्रश्न पत्रों को छोडकर उक्त व्यवस्था सभी पाठ्यक्रमों पर लागू है। स्नातकोत्तर कम्प्यूटर विज्ञान, एमबीए एवं गणित के प्रश्न पत्र अंग्रेजी भाषा में ही होंगे । विद्यार्थी परीक्षा में उत्तर देने के लिए हिन्दी या अंग्रेजी माध्यम का चयन कर सकते हैं । प्रश्नपत्र दोनों भाषाओं हिंदी व अंग्रेजी में छपे हुए होते है ।

(4) न्यूनतम निर्धारित उत्तीर्णांक

आन्तरिक गृह कार्य एवं सत्रांत मुख्य परीक्षा के लिए प्रत्येक पाठ्यक्रम के पूर्णांक नियत हैं, जिनमें से परीक्षा उत्तीर्ण करने के लिए विद्यार्थी को न्यूनतम निर्धारित उत्तीर्णांक पृथक-पृथक अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा। आन्तरिक गृह कार्य, सत्रांत मुख्य परीक्षा के प्राप्तांक एवं प्रायोगिक परीक्षा के प्राप्तांक अलग से प्रदर्शित किये जायेंगे । श्रेणी की गणना दोनों के प्राप्तांकों के आधार पर ग्रेडिग नियम से की जाएगी । विश्वविद्यालय द्वारा उन्हीं विद्यार्थियों की अंकतालिका जारी की जायेगी जो परीक्षा सम्बन्धित सभी घटकों (Components) को सफलतापूर्वक उत्तीर्ण कर लेंगे ।

पाठ्यक्रम परीक्षा उत्तीर्ण करने के लिए सभी पाठ्यक्रमों के सभी घटकों (आंतरिक गृहकार्य, प्रायोगिक तथा सत्रांत परीक्षा के अलग अलग 36 प्रतिशत अंक प्राप्त करने होंगे। सफल विद्यार्थियों को निम्न तालिका के अनुसार श्रेणी प्रदान की जाएगी-

प्रथम श्रेणी - CGPA 6.00 या अधिक (अर्थात 60% एवं अधिक)

द्वितीय श्रेणी - CGPA 4.80 या 4.80 से अधिक परन्तु 6.00 से कम (अर्थात 48% या 48% से अधिक परन्तु 60% से कम)

उत्तीर्ण - CGPA 3.60 या 3.60 से अधिक परन्तु 4.80 से कम (अर्थात 36% या 36% से अधिक परन्तु 48% से कम)

(5) सफल विद्यार्थियों का ग्रेडिंग सिस्टम

सफल विद्यार्थियों को निम्न तालिका के अनुसार ग्रेड प्रदान की जाएगी-

क्रेडिट वाले पाठ्यक्रमों के लिए (For Credit Course) :

Letter GradeChart for Calculating CGPA/SGPA

लेटर ग्रेड Letter Grade		ग्रेड प्वाइंट Grade Point	समग्र समतुल्य अंक परास (100 अंकों में से) Equivalent overall Marks range (out of hundred)
O	Outstanding	10	91 -100
A+	Excellent	9	81 - 90
A	Very Good	8	71 - 80
B+	Good	7	61 – 70
B	Above Average	6	51 – 60
C	Average	5	41 – 50

P	Pass	4	36 – 40
F	Fail	0	0 – 35
Ab	Absent	0	

यदि विद्यार्थी F, Ab ग्रेड प्राप्त करता है तो उसे NC (Not Completed) माना जायेगा तथा उसे पुन: परीक्षा देनी होगी।

निम्नलिखित प्रकार से विद्यार्थी का सेमेस्टर ग्रेड प्वाइंट औसत (Semester Grade Point Average (SGPA)) तथा संचयी ग्रेड प्वाइंट औसत (Cumulative Grade Point Average (CGPA)) की गणना की जायेगी।

SGPA हेतु विद्यार्थी द्वारा प्राप्त ग्रेड प्वाइंट को उस विषय के क्रेडिट अंक से गुणा करके योग को कुल ग्रेड प्वाइंट से भाग देने पर प्राप्त होगा अर्थात् SGPA = $\sum(C_i \times G_i) / \sum C_i$ जहां पर C_i क्रेडिट अंक हैं तथा G_i उस विषय में विद्यार्थी द्वारा प्राप्त ग्रेड प्वाइंट है।

10 Point स्केल पर CGPA की गणना निम्न सूत्र द्वारा की जायेगी

$$\text{CGPA} = \frac{\text{Cumulative points secured in all passed courses}}{\text{Cumulative earned credits}} = \sum(C_i \times G_i) / \sum C_i$$

SGPA तथा CGPA की गणना दशमलव के बाद दो अंकों तक की जायेगी। जिन कार्यक्रमों की अवधि एकवर्ष से कम है उनमें केवल SGPAकी गणना नहीं की जायेगी। CGPAकार्यक्रम के अंतिम सेमेस्टर की अंकतालिका में दर्शाया जायेगा।

1. Assignment तथा Term end Examination के प्राप्तांकों के योग के आधार पर उस पाठ्यक्रम का कुल ग्रेड निर्धारित होगा।
2. यदि विद्यार्थी किसी पाठ्यक्रम में ग्रेस से उत्तीर्ण होता है तो उनके संगत लेटर ग्रेड G होगा जो कि SGPA तथा CGPA की गणना के लिए पाठ्यक्रम हेतु ग्रेड पॉइंट 4 के तुल्य माना जाएगा।
3. सीजीपीए एवं प्रतिशत में समतुल्यता के लिए CGPA को 10 से गुणा करने पर प्रतिशत आएगा।
4. गोल्ड मेडल विश्वविद्यालय द्वारा तय किये नियम के आधार पर दिया जायेगा।

नोट— 1. ग्रेडिग संबंधित नियमों को समय-समय पर परिवर्तन करने का सर्वाधिकार विश्वविद्यालय के पास सुरक्षित है।

NAD, ABC एवं DEB ID

वर्तमान में विद्यार्थियों के क्रेडिट बैंक में क्रेडिट को जमा करने हेतु ABC आईडी की आवश्यकता होगी ताकि भविष्य में विद्यार्थी के क्रेडिट बैंक में क्रेडिट जमा हो सके एवं उसे Multiple entry एवं exit में सुविधा रहे। एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट्स (एबीसी) एक वर्चुअल/डिजिटल स्टोरहाउस है जिसमें व्यक्तिगत छात्रों द्वारा उनकी सीखने की यात्रा के दौरान अर्जित क्रेडिट की जानकारी शामिल है। यह छात्रों को अपने खाते खोलने और कॉलेजों या विश्वविद्यालयों में प्रवेश करने और छोड़ने के लिए कई विकल्प देने में सक्षम करेगा। नेशनल एकेडमिक डिपॉजिटरी (एनएडी) जो एक ऑनलाइन मंच है जिसमें अकादमिक संस्थानों को अकादमिक क्रेडिट को संग्रहीत और सत्यापित का कार्य किया जा सकता है।

UGC DEB ID में विद्यार्थी के Data सुधार हेतु निम्न प्रक्रिया अपनाई जा सकती है :-

UGC DEB ID में डेटा को सही करने के लिए, आपको सबसे पहले अपने अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट्स (ABC) आईडी में संबंधित जानकारी को अपडेट करना होगा, जो आपकी DEB ID से जुड़ा हुआ है। फिर, आप अद्यतन जानकारी को प्रतिबिंबित करने के लिए DEB ID को पुनः उत्पन्न कर सकते हैं। यदि आपको कोई समस्या आती है तो आपको दूरस्थ शिक्षा ब्यूरो (DEB) से सीधे संपर्क करना पड़ सकता है।

1. **आधार अपडेट करें :** यदि आपकी व्यक्तिगत जानकारी (जैसे नाम, जन्मतिथि, आदि) गलत है, तो आधार कार्ड में नाम, जन्मतिथि या लिंग को अपडेट करने के लिए, आपको अपने नजदीकी आधार नामांकन केंद्र या आधार सेवा केंद्र पर जाना होगा। वहां आपको एक करेक्शन फॉर्म (सुधार फॉर्म) मिलेगा जिसे भरकर जमा करना होगा। इसके साथ ही, आपको अपने अपडेट के समर्थन में आवश्यक दस्तावेज भी जमा करने होंगे।

2. **एबीसी आईडी अपडेट करें:**

· डिजिलॉकर के माध्यम से अपनी एबीसी आईडी अपडेट करना शुरू करें।

· एक बार ABC ID अपडेट हो जाने पर, जब आप अपनी DEB ID पुनः बनाएंगे तो परिवर्तन दिखाई देंगे।

3. **DEB ID जनरेट या अपडेट करें:**

· यूजीसी डीईबी पोर्टल पर पहुंचें।

· "छात्र DEB ID" अनुभाग पर जाएँ।

· अपना अद्यतन एबीसी आईडी दर्ज करें। पोर्टल को स्वचालित रूप से अद्यतन विवरण प्राप्त हो जाना चाहिए।

· यदि आपने पहले ही DEB ID बना ली है और उसे अपडेट करने की आवश्यकता है, तो DEB पोर्टल पर लॉग इन करें और सुधार अनुरोध प्रस्तुत करें ।

4. **यदि आवश्यक हो तो DEB से संपर्क करें:**

· यदि आपको स्वतः भरे गए डेटा में विसंगतियां नजर आती हैं, तो आपको **update.debid@gmail.com** पर ईमेल करना है। साथ ही, आपको अपने अपडेट के समर्थन में आवश्यक दस्तावेज भी जमा करने होंगे।

· "DEB ID में किसी भी विसंगति के मामले में, ABC/APAAR ID कार्ड की डाउनलोड की गई प्रति आवश्यक सुधार के साथ update.debid@gmail.com पर भेजें । सुधार के लिए DEB द्वारा निर्धारित 24 से 48 कार्य घंटे लगते हैं । इस हेतु आपको email पर DEB द्वारा प्रत्युत्तर दिया जाएगा ।"

5. **महत्वपूर्ण बातें:**

· सुनिश्चित करें कि प्रक्रिया के दौरान आपके द्वारा प्रदान किया गया संपर्क विवरण (ईमेल और मोबाइल नंबर) सटीक है, क्योंकि संचार के लिए उनका उपयोग किया जाएगा।

· एक बार सबमिट करने के बाद, DEB ID में परिवर्तन की अनुमति नहीं दी जा सकती।

इन चरणों का पालन करके, आप अपनी UGC DEB ID में डेटा को सही कर सकते हैं और यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि यह आपकी जानकारी को सटीक रूप से दर्शाता है।

प्रश्न-पत्र का पैटर्न : प्रश्न –पत्र का प्रारूप निर्धारित करने का सर्वाधिकार विश्वविद्यालय के पास सुरक्षित रहेगा। इस हेतु समय समय पर विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर सूचना प्रदान की जायेगी।वर्तमान में प्रचलित प्रश्नपत्रों का प्रारूप प्रश्न बैंक के रूप में विद्यार्थी के वन व्यू में वेबसाइट पर उपलब्ध है।

नोट : परीक्षा सम्बन्धी नियमों में समस्त परिवर्तन करने का सर्वाधिकार विश्वविद्यालय के पास सुरक्षित रहेगा।

परीक्षा संबंधी अन्य नियम/ व्यवस्थाएं (Rules of the University)

1. पुनः परीक्षा (Re-examination)

सेमिस्टर मुख्य परीक्षा में यदि विद्यार्थी नहीं बैठ सका हो तो उसे पुनः परीक्षा हेतु अलग से ऑनलाइन डिफाल्टर फा र्म भरना पड़ेगा। पुनः परीक्षा शुल्क स्नातकोत्तर हेतु रु. 700/- तथा स्नातक हेतु रु. 500/- प्रति प्रश्न पत्र देय होता है (शुल्क परिवर्तन का अधिकार विश्वविद्यालय के पास सुरक्षित हैं) । पुनः परीक्षा आवेदन पत्र निर्धारित अंतिम तिथि से पूर्व निम्न तालिका के अनुसार ऑनलाइन आवेदन करें। ऑफ लाइन परीक्षा आवेदन पत्र किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

पुनः परीक्षा (Re-Examination) हेतु डिफाल्टर फॉर्म की Tentative समय सरणी			
विद्यार्थी	**जून परीक्षा हेतु**	**दिसंबर परीक्षा हेतु**	**जमा करवाने का तरीका**
डिफाल्टर (सैद्धान्तिक) एवं प्रोजेक्ट/लघुशोध	अप्रैल से मई माह के मध्य (डिफॉल्टर फॉर्म का पोर्टल खोले जाने पर)	अक्टूबर से नवम्बर माह के मध्य (डिफॉल्टर फॉर्म का पोर्टल खोले जाने पर)	**केवल ऑनलाइन माध्यम से * B.Sc./MSC (Physics, Chemistry, Zoology & Botany) कार्यक्रम के विशिष्ट समयावधि**
डिफाल्टर	अप्रैल से मई माह के मध्य	अक्टूबर से नवम्बर माह	

(प्रायोगिक)	(डिफॉल्टर फॉर्म का पोर्टल खोले जाने पर)	के मध्य (डिफॉल्टर फॉर्म का पोर्टल खोले जाने पर)	**सम्बन्धी नियम के लिए सम्बंधित कार्यक्रम के अन्तर्गत विवरण देखें।**

विशेष निर्देश —

ऐसे डिफाल्टर विद्यार्थी जो सत्रान्त परीक्षा में प्रायोगिक के साथ सैद्धान्तिक/ प्रोजेक्ट/ लघुशोध परीक्षा में सम्मिलित होना एवं परीक्षा शहर में परिवर्तन भी चाहते हैं, ऐसे परीक्षार्थी सिर्फ एक बार ही ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म जून परीक्षा हेतु अप्रैल से मई माह के मध्य एवं दिसम्बर परीक्षा हेतु अक्टूबर से नवंबर माह के मध्य तक ही भर सकते हैं। डिफॉल्टर परीक्षा फॉर्म भरने की अवधि के दौरान अवसर प्रदान किया जाता है।

1. आवेदन एवं परीक्षा शुल्क हेतु विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.vmou.ac.in देखें।
2. प्रायोगिक परीक्षा की समय-सारणी हेतु डिफाल्टर विद्यार्थी संबंधित क्षेत्रीय केन्द्र से सम्पर्क करें।

नोट- यदि विद्यार्थी ने नियम स्वीकृत दो पाठ्यक्रमों में प्रवेश ले रखा है और परीक्षा समय सारणी में विद्यार्थी के दोनों पाठ्यक्रमों के प्रश्नपत्र एक ही दिनांक व समय पर हो तो विद्यार्थी के पास दोनों में से एक ही पाठ्यक्रम की परीक्षा देने का विकल्प होगा। दूसरे पाठ्यक्रम को उत्तीर्ण करने हेतु उसे अगली परीक्षा के लिए पुनः नि:शुल्क परीक्षा फॉर्म भी जमा करना होगा। परीक्षा फार्म के साथ परीक्षा अनुमति पत्र की प्रति संलग्न करना होगा।

2. पुनर्मूल्यांकन (Revaluation)—परीक्षा में प्राप्त अंकों से यदि विद्यार्थी संतुष्ट नहीं हो तो वह पुनर्मूल्यांकन हेतु आवेदन कर सकते है। इस हेतु विद्यार्थी का आवेदन केवल ऑनलाइन ही स्वीकार किया जाएगा। पुनर्मूल्यांकनका आवेदन परीक्षा परिणाम घोषित होने के 10 दिन के अन्दर करना आवश्यक है। पुनर्मूल्यांकनके विस्तृत जानकारी विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर देखें। पुनर्मूल्यांकन के परिणाम का प्रतीक्षा किये बिना अनुत्तीर्ण विद्यार्थी निर्धारित अन्तिम तिथि तक डिफाल्टर फार्म भर सकता है।

3. **चुनौती मूल्यांकन (Challenge evalution)**--- पुर्नमूल्यांकन परिणाम से विद्यार्थी यदि संतुष्ट नही हो तो पुर्नमूल्याकित प्रश्नपत्र में पुर्नमूल्यांकन परिणाम घोषित होने की तिथि से 15 दिवस के मध्य प्रति प्रश्नपत्र 5000/- शुल्क देकर ऑफलाइन चुनौती मूल्यांकन हेतु आवेदन कर सकता है। चुनौती मुल्यांकन का आवेदन फॉर्म वेवसाईट पर उपलब्ध है। अंक श्रेणी सुधार का अवसर पूर्व में दी गयी परीक्षा के तत्काल बाद वाली परीक्षा में ही दिया जाएगा।

4. अंक/श्रेणी सुधार(Improvement)—यदि विद्यार्थी उसके द्वारा पूर्व में दी गई परीक्षा में प्राप्त अंक/ श्रेणी को सुधारना चाहता है तो वह ऑफलाईन फार्म मय निर्धारित शुल्क जमा कर इस अवसर का लाभ उठा सकता है। अंक/श्रेणी सुधार के विस्तृत नियम विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर विद्यार्थी देख सकते है, अथवा वेबसाइट पर डाउनलोड एसेंशियल फॉर्म मे इम्प्रूवमेंट एग्जामिनेशन (Hyperlink) फॉर्म पर क्लिक कर डाउनलोड किया जा सकता है। अंक श्रेणी सुधार का अवसर पूर्व में दी गई परीक्षा के तत्काल बाद वाली आगामी परीक्षा (consequent examination) में ही प्रदान किया जाएगा।

परीक्षा विभाग से संबंधित अन्य शुल्क :

1- पुन: मूल्यांकन शुल्क - रू. 600/-प्रति प्रश्नपत्र
2- अंक /श्रेणी सुधार शुल्क (सर्टिफिकेट/डिप्लोमा/पीजी डिप्लोमा को छोड़कर)
   स्नातक परीक्षा - रू.600/- प्रति प्रश्नपत्र
   स्नातकोत्तर परीक्षा - रू.900/- प्रति प्रश्नपत्र
3- *डुप्लीकेट मार्कशीट शुल्क - रू.250/- प्रतिमार्कशीट
4- डुप्लीकेट मेरिट प्रमाण पत्र शुल्क - रू .300/-
5- अग्रिम अंक तालिका शुल्क रू .300/- प्रति मार्कशीट
6- डुप्लीकेट उपाधि शुल्क रू .600/-
7- *प्रोविजनल सर्टिफिकेट (P.C.) - रू .250/-

8- *प्रवजनप्रमाणपत्र (M.C.) - रू .250/-

9- बी.ए.पी./बी.सी.पी. सर्टिफिकेट - रू .200/-

10- सत्रांत परीक्षा शुल्क (डिफाल्टर्स के लिए)

स्नातक स्तरीय पाठ्यक्रम - रू .500/- प्रति प्रश्नपत्र

स्नातकोत्तर स्तरीय पाठ्यक्रम - रू .700/- प्रति प्रश्नपत्र

11- प्रायोगिक परीक्षा (डिफाल्टर्स के लिए)

स्नातक स्तरीय पाठ्यक्रम - रू .1500/- प्रति प्रश्नपत्र

स्नातकोत्तर स्तरीय पाठ्यक्रम - रू .2500/- प्रति प्रश्नपत्र

12- प्रोजेक्ट/लघुशोध (डिफाल्टर्स के लिए) :- यह शुल्क स्नातक/डिप्लोमा/सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम जिनमे प्रोजेक्ट/लघुशोध एवं वाईवा/लेसन प्लान/प्रैक्टिकल कैंप लागू हैं - रू .2000/-प्रति प्रश्नपत्र

स्नातक/डिप्लोमा/सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम जिनमे केवल प्रोजेक्ट/लघुशोध लागू हैं - रू .500/- प्रति प्रश्नपत्र

स्नातकोत्तर/स्नातकोत्तर डिप्लोमा स्तरीय पाठ्यक्रम जिनमे प्रोजेक्ट/लघुशोध एवं वाईवा/लेसन प्लान/प्रैक्टिकल कैंप लागू हैं - रू .4000/- प्रति प्रश्नपत्र

स्नातकोत्तर/स्नातकोत्तर डिप्लोमास्तरीय पाठ्यक्रमजिनमे केवल प्रोजेक्ट/लघुशोध लागू हैं - रू .700/- प्रति प्रश्नपत्र

13- प्रवेशित विद्यार्थियों की परीक्षा के बाद मास्टर डेटा में संशोधन का शुल्क

(विद्यार्थी/पिता/माता का नाम, जन्मतिथि, फोटो / हस्ताक्षर में संशोधन का शुल्क) - रू .400 प्रति अंकतालिका

14- मूल अंकतालिका परीक्षा में वापस लौटने के उपरान्त विद्यार्थी को पुनः प्रेषित करने का शुल्क- रू .100/-

15- उपाधि परीक्षा में वापस लोटने के उपरांत विद्यार्थी को पुन: प्रेषित करने का शुल्क - रू .100/-

16- Orignal transcript का शुल्क रू .5000/- तथा इसकी अतिरिक्त प्रत्येक प्रति लेने का शुल्क-रू .1000/-

***डुप्लिकेट मार्कशीट, प्रोविजनल सर्टिफिकेट व प्रवजन प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु विद्यार्थियों को ई-मित्र के माध्यम से ऑनलाइन शुल्क जमा करवाने की सुविधा उपलब्ध है|**

नोट — परीक्षा विभाग से संबंधित कार्यालय आदेश समय—समय पर विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जारी किये जायेंगे।

प्रायोगिक परीक्षा में डिफाल्टर विद्यार्थियों के लिए कैंप/कक्षा सहित प्रायोगिक परीक्षा देने संबंधित नियम:-

1. सभी स्नातक कार्यक्रम जिसमें प्रायोगिक शिविर (प्रैक्टिकल कैंप) सहित प्रायोगिक परीक्षा निर्धारित है, उनके लिए शुल्क रू. 1500/- (एक हजार पांच सौ रू. प्रति प्रश्न पत्र) होगा।

2. सभी स्नातकोत्तर कार्यक्रम जिसमें प्रायोगिक शिविर (प्रैक्टिकल कैंप) सहित प्रायोगिक परीक्षा निर्धारित है, उनके लिए शुल्क रू. 2500/- (दो हजार पांच सौ रू. प्रति प्रश्न पत्र) होगा।

3. प्रत्येक विद्यार्थी को प्रायोगिक शिविर (प्रैक्टिकल कैंप) में न्यूनतम 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य होगी, तभी वह उस समय आयोजित प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए पात्र होगा। न्यूनतम उपस्थिति के अभाव में विद्यार्थी को भविष्य में आयोजित प्रायोगिक शिविर (प्रैक्टिकल कैंप) में पुन: उपरोक्तानुसार शुल्क जमा करना होगा।

4. प्रायोगिक परीक्षा के लिए सम्मिलित होने वाले डिफाल्टर विद्यार्थी को जून परीक्षा के लिए अप्रैल से मई माह के मध्य (डिफॉल्टर फॉर्म का पोर्टल खोले जाने पर) एवं दिसम्बर परीक्षा के लिए अक्टूबर से नवम्बर माह के मध्य तक (डिफॉल्टर फॉर्म का पोर्टल खोले जाने पर) ऑनलाइन आवेदन करना होगा। ऐसे डिफाल्टर विद्यार्थी जो सत्रांक परीक्षा में प्रायोगिक के साथ सैद्धान्तिक /प्रोजेक्ट/लघुशोध परीक्षा में सम्मिलित होना एवं परीक्षा शहर में परिवर्तन भी चाहते हैं, ऐसे परीक्षार्थी सिर्फ एक बार ही ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म जून परीक्षा हेतु 1 अप्रैल से 15 अप्रैल एवं दिसम्बर परीक्षा हेतु 1 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक ही भर सकते हैं। B.Sc.कार्यक्रम के संबंध में विशिष्ट नियम के लिए विवरणिका में B.Sc. कार्यक्रम में वर्णित विवरण अवश्य देखें।

नोट —

i) उपरोक्त शुल्क एवं अन्य मदों में परिवर्तन का सर्वाधिकार विश्वविद्यालय के पास सुरक्षित होगा।

ii) परीक्षा से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना विद्यार्थी को पृथक से नहीं भेजी जायेगी। परीक्षासंबंधी समस्त सूचनाएं विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध करवाई जाती है।

उपाधि (Degree) प्राप्त करने संबंधित नियम(Degree related rules):-

1. छात्रों की मूल उपाधि दीक्षांत समारोह के पश्चात विद्यार्थी के पते पर स्पीड पोस्ट द्वारा प्रेषित की जायेगी।
2. यदि किसी विद्यार्थी को दीक्षांत समारोह से पूर्व ही उपाधि की आवश्यकता हो, तो विद्यार्थी अस्थायी उपाधि प्रमाण पत्र (Provisional Degree Certificate) हेतु आवेदन कर सकता है। इसके लिए online आवेदन अथवा offline आवेदन हेतु राशि 250/- रु. का Punjab National Bank के चालान के साथ अंतिम वर्ष की अंकतालिका की छायाप्रति मय प्रार्थना पत्र के साथ परीक्षा विभाग, वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा में भिजवाएं।
3. डुप्लीकेट उपाधि हेतु राशि 600/- रु. का Punjab National Bank बैंक के चालान के साथ अंतिम वर्ष की अंकतालिका की छायाप्रति मय प्रार्थना पत्र के साथ परीक्षा विभाग, वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा में भिजवाए।
4. उपाधि प्राप्त करने हेतु विद्यार्थी वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.vmou.ac.in पर जाकर https://www.vmou.ac.in/forms से उपाधि फॉर्म डाउनलोड कर परीक्षा विभाग, कोटा को भिजवा सकता है।
5. विद्यार्थियों को डिग्री दीक्षांत समारोह की समाप्ति के पश्चात् भारतीय डाक द्वारा उसके दिए गए पते पर प्रेषित की जाती है जिसका विवरण वेबसाइट में **स्टूडेंट वन व्यू** में सबसे ऊपर प्रदर्शित होता है।
6. विद्यार्थी दीक्षान्त समाहरोह उपरांत DiGiLocker के माध्यम से अपनी जारी की गयी उपाधि देख सकता है।

ऑनलाइन आवेदन (Online Application) का विवरण:-

विद्यार्थियों द्वारा किये गए सभी ऑनलाइन आवेदनों जैसे की डिफॉल्टर परीक्षा (Defaulter Examination), रिवैल्यूएशन एप्लिकेशन (Revaluation Application), प्रमोटी आवेदन (Promotee Application): द्वितीय/अंतिम/तीसरे वर्ष के कार्यक्रम में आवेदन, डाटा सुधार (Data Correction) : मास्टर रिकॉर्ड्स में बदलाव की स्थिति को स्टूडेंट वन व्यू (Student one view) में ऑनलाइन आवेदन में देखा जा सकता है। स्टूडेंट वन व्यू (Students One View) की विस्तृत जानकारी के लिए पेज संख्या 27 अथवा विश्वविद्यालय की वेबसाइट देखें।

छात्रवृत्तियां तथा शुल्क प्रतिपूर्ति(Scholarships & Reimbursement)

आरक्षित श्रेणियों अर्थात् अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और शारीरिक रूप से विशेष योग्यजन विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय में प्रवेश के समय शुल्क का पूरा भुगतान करना आवश्यक है। अनुसूचित जाति, जनजाति के विद्यार्थी पाठ्यक्रम शुल्क की प्रतिपूर्ति के संबंध में समाज कल्याण विभाग द्वारा जारी की जाने वाली छात्रवृत्ति हेतु विद्यार्थियों को www.rajpms.nic.in पर जाकर ऑनलाइन ही आवेदन करना होगा। वर्धमान महावीर खुला विवि में प्रवेश प्राप्त विशेष योग्यजन विद्यार्थी भारत सरकार की छात्रवृत्ति के पात्र हैं। विद्यार्थियों को सलाह दी जाती है कि वे कार्यक्रम शुल्क की प्रतिपूर्ति के लिए अपने राज्य के समाज कल्याण निदेशालयों अथवा समाज कल्याण अधिकारी के कार्यालय से छात्रवृत्ति फार्म प्राप्त कर लें और भरे हुये फार्म को संबंधित क्षेत्रीय केन्द्रके निदेशक के माध्यम से स्वयं भेजें।

राजस्थान ऑनलाइन स्कॉलरशिप सिस्टम (Rajasthan Online Scholarship System) –

इसके लिए विद्यार्थियों को आगे दिए जा रहे लिंक को क्लिक करके जानकारी मिल सकेगी। इस लिंक को अपने कंप्यूटर में फीड करें। इससे स्कॉलरशिप संबंधीजानकारियां तथा आवेदन फॉर्म भरने के तरीकों की सूचना मिल सकेगी। अधिक जानकारी के लिए प्रवेशित क्षेत्रीय केन्द्र पर संपर्क करे।

https://rajpms.nic.in/Public/Instruction_For_Students.pdf

बालिका दूरस्थ शिक्षा :यह योजना राजस्थान राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई एक पहल है, जिसका उद्देश्य बालिकाओं को दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर प्रदान करना है।

बालिका दूरस्थ शिक्षा योजना से सम्बंधित नियम, दिशा-निर्देश विभागीय वेबसाइट https://hte.rajasthan.gov.in/ के Home Page पर Online Scholarship पर उपलब्ध हैं। आवेदन पत्र भरने से पूर्व सम्बंधित छात्रा/अभिभावक योजनाओ से सम्बंधित दिशा-निर्देश,परिपत्र क्रमांक-955 दिनांक-30.12.2021, नियम एवं संलग्न किए जाने वाले दस्तावेजो की भली भांति अध्ययन कर ही आवेदन करें। आवेदन करने हेतु विद्यार्थी के पास जन आधार कार्ड होना आवश्यक है एवं उसमे भरी हुई सूचनाएं यथा जाति,मूल-निवासी, बैंक डिटेल्स आदि अपडेट होनी चाहिए।

ऑनलाइन आवेदन विभाग की वेबसाइट https://hte.rajasthan.gov.in/ द्वारा SSO ID से लॉग इन कर Citizen App-G2C के "Scholarship (CE,TAD,Minority)" Icon पर क्लिक कर किया जा सकता हैं।

आरक्षण (Reservation)

1. ऐसे पाठ्यक्रम जिनमे प्रवेश संख्या निर्धारित है उन पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु राज्य सरकार की आरक्षण नीति के अनुसार आरक्षण प्रदान किया जाता है।
2. वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय की विद्या परिषद् की 52 वीं बैठक के बिन्दु संख्या 06 के निर्णयानुसार कश्मीरी विस्थापितों को प्रवेश नियमों में शिथिलता प्रदान किए जाने संबंधी मानव संसाधन विकास मंत्रालय के पत्र F31/2012, NCR, दिनांक 12.03.2015 में दी गयी व्यवस्थाओं को स्वीकार करने का निर्णय किया गया।

प्रोत्साहन योजनाएं (Promotional Schemes) –

विश्विद्यालय की निम्न प्रोत्साहन योजनाएं इस प्रकार हैं-

- **कुलाधिपति (चांसलर) स्वर्ण पदक-Chancellor's Gold Medal**

  विश्वविद्यालय द्वारा चांसलर स्वर्ण पदक स्नातकोत्तर की सत्रांत परीक्षा में सर्वाधिक अंक लाने वाले विद्यार्थी को प्रदान किया जाएगा। यह पदक विश्वविद्यालय के मौजूद विद्यापीठ के लिए होगा और इसे जून एवं दिसम्बर की प्रत्येक परीक्षा के लिए प्रदान किया जाएगा। यह पदक नियमानुसार विद्यापीठ एवं उसमें सम्मिलित कार्यक्रमों के नियमित आवर्तन (Rotation) के आधार पर दिया जाएगा।

- **पार्वती किशोर विद्यार्थी वृत्ति एवं मेडल- Parvati Kishore Vidhyarti Scholarship Medal**

  विश्वविद्यालय द्वारा एम.ए. (उत्तरार्द्ध) अर्थशास्त्र की सत्रांत परीक्षा की टॉपर छात्राओं को पार्वती किशोर विद्यार्थी वृत्ति, मेडल एवं प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया जायेगा। विश्वविद्यालय में एक वर्ष में दो बार सत्रान्त परीक्षाएं होती है, प्रत्येक सत्रान्त परीक्षा की टॉपर छात्रा को उक्त विद्यार्थी वृत्ति दी जाएगी। एक वर्ष में दो छात्राओं को यह विद्यार्थी वृत्ति दी जाएगी। प्रत्येक छात्रा को रू 4000/-(चार हजार रूपये मात्र) दिया जाएगा।

- **डीसीएम श्रीराम स्कॉलरशिप-DCM Shriram Scholarship**

  स्नातक के सभी विषयों के प्रथम, द्वितीय व तृतीय वर्ष के उत्कृष्ट विद्यार्थियों को डीसीएम श्रीराम स्कॉलरशिप प्रदान किया जाएगा। इसके तहत प्रत्येक विद्यार्थी को रू 4000/-(चार हजार रूपये मात्र) दिया जाएगा।

- **स्व. श्रीमती बिंदेश्वरी अग्निहोत्री एवं स्व श्री करूणा शंकर त्रिपाठी स्मृति स्वर्ण पदक- Late. Smt.Bindeshwari Agnihotri and Late. Sh. Karuna Shanker Tripathi Gold Medal**

  एम.जे. के टॉपर और बी.जे. के टॉपर विद्यार्थियों के लिए स्वर्ण पदक प्रदान किया जाएगा। स्व. श्री करूणा शंकर त्रिपाठी की स्मृति में बी.जे. के टॉपर विद्यार्थी को तथा स्व. श्रीमती बिंदेश्वरी अग्निहोत्री की स्मृति में एम.जे. के टॉपर विद्यार्थी को स्वर्ण पदक प्रदान किया जायेगा।

फीस वापसी के नियम

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा दिनांक 27 अक्टूबर 2025 को प्रेषित UGC Fee Refund Policy के आलोक में नवीन फीस वापसी के नियमों फलस्वरूप जनवरी 2026 प्रवेश सत्र से फीस वापसी हेतु निम्नानुसार नियमों का निर्धारण किया जाता है -

श्रेणी प्रथम – (विद्यार्थी को निर्धारित योग्यता के अभाव में प्रवेश नहीं दिए जाने की स्थिति में)

विद्यार्थी को निर्धारित योग्यता नही होने के कारण प्रवेश निरस्त की स्थिति में कुल फीस में से रूपये 500/- रूपये प्रोसेसिंग फीस कटौती कर शेष राशि की वापसी की जायेगी।

श्रेणी द्वितीय – (विद्यार्थी द्वारा प्रवेश योग्यता रखने के बावजूद विद्यार्थी द्वारा प्रवेश निरस्त हेतु आवेदन किए जाने की स्थिति में)

1. यदि प्रवेश सत्र की अन्तिम तिथि के 15 दिन पहले तक अथवा उससे पहले फीस वापसी हेतु विद्यार्थी सम्बन्धित क्षेत्रीय केन्द्र में प्रवेश निरस्त हेतु लिखित में आवेदन करता हैं, तो विद्यार्थी को स्कॉलर नम्बर आवंटित किया गया हो अथवा नही, दोनों ही स्थिति में कुल प्राप्त फीस में से रूपये 500/- प्रोसेसिंग फीस कटौती कर शेष राशि की वापसी की जायेगी।

2. यदि विद्यार्थी प्रवेश सत्र की अन्तिम तिथि के 15 दिन पूर्व से अन्तिम तिथि के मध्य सम्बन्धित क्षेत्रीय केन्द्र में प्रवेश निरस्त हेतु लिखित में आवेदन करता हैं, तो विद्यार्थी को स्कॉलर नम्बर आवंटित किया गया हो अथवा नही, दोनों ही स्थिति में कुल प्राप्त फीस के 90 प्रतिशत में से रूपये 500/- प्रोसेसिंग फीस कटौती कर शेष राशि की वापसी की जायेगी।

3. यदि विद्यार्थी प्रवेश सत्र की अन्तिम तिथि से लेकर अग्रिम 15 दिवस तक सम्बन्धित क्षेत्रीय केन्द्र में प्रवेश निरस्त हेतु लिखित में आवेदन करता हैं, तो विद्यार्थी को स्कॉलर नम्बर आवंटित किया गया हो अथवा नही, दोनों ही स्थिति में कुल प्राप्त फीस के 80 प्रतिशत में से रूपये 500/- प्रोसेसिंग फीस कटौती कर शेष राशि की वापसी की जायेगी।

4. यदि विद्यार्थी प्रवेश सत्र की अन्तिम तिथि निकलने के 15 दिवस बाद से लेकर अन्तिम तिथि के 30 दिवस के भीतर सम्बन्धित क्षेत्रीय केन्द्र में प्रवेश निरस्त हेतु लिखित में आवेदन करता हैं, तो विद्यार्थी को स्कॉलर नम्बर आवंटित किया गया हो अथवा नही, दोनों ही स्थिति में कुल प्राप्त फीस के 50 प्रतिशत में से रूपये 500/- प्रोसेसिंग फीस कटौती कर शेष राशि की वापसी की जायेगी।

5. यदि विद्यार्थी प्रवेश सत्र की अन्तिम तिथि निकलने के 30 दिवस पश्चात् सम्बन्धित क्षेत्रीय केन्द्र में प्रवेश निरस्त हेतु लिखित में आवेदन करता हैं, तो किसी प्रकार का शुल्क नहीं लौटाया जायेगा।

फीस वापसी की प्रक्रिया करते समय क्षेत्रीय केन्द्रों द्वारा निम्न प्रक्रिया सुनिश्चित की जानी है:-

उपरोक्त वर्णित श्रेणी प्रथम के विद्यार्थी की फीस वापसी पूर्व की भाँति कार्यालय आदेश जारी करते हुए त्वरित रूप से कार्यवाही की जाएगी। यह शत-प्रतिशत सुनिश्चित किया जावें कि उक्त श्रेणी में वही विद्यार्थी आवे, जो प्रवेश योग्य नही है।

श्रेणी द्वितीय के विद्यार्थियों की फीस वापसी कार्यालय आदेश जारी करते हुए/प्रवेश निरस्त करते हुए (जहाँ जो लागू हो) अलग-अलग FVC के माध्यम से निम्न (अ) व (ब) बिन्दुओं की पालना को सुनिश्चित करते हुए की जाएगी:-

(अ) यदि विद्यार्थी को स्कॉलर संख्या जारी हो चुका है व विद्यार्थी ने पुस्तकें प्राप्त करने के विकल्प का चयन किया है, तो पुस्तकें सही स्थिति में पुनः सम्बन्धित क्षेत्रीय केन्द्र को (यथा प्रेषित स्वरूप अर्थात बिना फटे, बिना निशान मुद्रित स्वरूप में) जमा करवाएगा।

पाठ्य सामग्री सही दशा में नही होने की स्थिति में विश्वविद्यालय के पाठ्य सामग्री उत्पादन एवं वितरण विभाग द्वारा जारी कार्यालय आदेश संख्याः वमखुवि/MPD/2023/2996 दिनांकः 14.01.2023 के आलोक में कुल फीस का 30 प्रतिशत पाठ्य सामग्री शुल्क के रूप में कटौती की जायेगी, तत्पश्चात फीस वापसी की कार्यवाही बिन्दु संख्या01 से 05 के परिपेक्ष्य में सुनिश्चित करनी होगी।


(ब) श्रेणी द्वितीय के ऐसे विद्यार्थी जिन्हें स्कॉलर नम्बर जारी हो चुका है उन्हें रूपये 50/- के स्टाम्प पेपर पर शपथ-पत्र भी क्षेत्रीय केन्द्र को प्रस्तुत करना होगा, कि "बालिका दूरस्थ शिक्षा योजना अथवा राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों की विभिन्न छात्रवृति/स्कॉलरशिप योजना में आवेदन नहीं किया हैं व ना ही भविष्य में आवेदन करूंगा/ करूंगी। तथ्य झूठा पाये जाने पर विश्वविद्यालय को उनके विरूद्ध न्यायिक प्रक्रिया करने का पूर्ण अधिकार होगा"।

उक्त फीस वापसी सम्बन्धित नियमों को प्रवेश सत्र जनवरी 2026 से लागू किया जाता है।

स्टूडेंट वन व्यू (Student One View)

स्टूडेंट वन व्यू https://www.vmou.ac.in/one विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के लिये तैयार किया गया एक एप्लीकेशन है। यह वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों को दी जा रही एक अनोखी सुविधा है, जिसमें विद्यार्थी अपने स्कॉलर नंबर एवं जन्म तिथि दर्ज करके अपने से जुडी सूचनाएँ देख सकता है। यदि विद्यार्थी को स्कॉलर न. याद नहीं है तो इसमें विद्यार्थी को स्वयं का नाम दर्ज कर स्कॉलर न. खोजने की सुविधा दी गयी है।





इस भाग में **स्टूडेंट वन व्यू** द्वारा विश्वविद्यालय रिकॉर्ड में उपलब्ध विद्यार्थी का मास्टर डाटा दर्शाया जाता है जिसमें निम्नलिखित जानकारी उपलब्ध होती है।



1. स्कॉलर नंबर (Scholar Number)
2. प्रवेश सत्र का आरंभ एवं प्रवेश वैधता (Admission Session Start & Admission Validity)
3. कार्यक्रम जिसमें प्रवेश लिया है (Programme Enrolled)
4. क्षेत्रीय केंद्र एवं अध्ययन केंद्र (Regional & Study Center)
5. विद्यार्थी का नाम / पिता का नाम / माता का नाम (Name / Father's Name / Mother's Name)
6. पता / मोबाइल नंबर / ई-मेल (Address / Mobile No / Email)
7. आगामी परीक्षा का शहर (Exam City for Next Exam)
8. संकाय प्रोफाइल से जुड़े(Link to the Faculty Profile)

विद्यार्थी को अपने मोबाइल न. / ईमेल / परीक्षा शहर इत्यादि बदलने का लिंक दिया गया है। यदि विद्यार्थी अपने अन्य किसी रिकॉर्ड में सुधार करना चाहता है तो स्वयं इस लिंक द्वारा कर सकता है। https://online.vmou.ac.in/CorrectionForm.aspx

प्रवेश विवरण (Admission Details) :-

स्टूडेंट वन व्यू के इस भाग में विद्यार्थी के प्रवेश विवरण का पता चलता है जिसमें विद्यार्थी के उन कार्यक्रमों की सूची प्रदर्शित की जाती है, जिनमे उसका एनरोलमेंट हुआ है।विद्यार्थी प्रश्न बैंक / एसएलएम पर क्लिक करके प्रश्न बैंक, किताबें एवं सत्रीय कार्य पर क्लिक कर सत्रीय कार्य के प्रश्न डाउनलोड कर सकता है।

प्रवेश विवरण

वर्ष	सत्र	कार्यक्रम कोड	कार्यक्रम का नाम	श्रेयांक	कोर्स	सत्रीय कार्य
2015	July	MAEG-P	Master of Arts English (Previous)	32	प्रश्न बैंक/अध्ययन सामग्री	डाउनलोड
2016	July	MAEG-F	Master of Arts English (Final)	40	प्रश्न बैंक/अध्ययन सामग्री	डाउनलोड

सत्रीय कार्यजमा स्थिति (Assignment Deposition Status):-

सत्रीय कार्य किसी भी प्रोग्राम का अनिवार्य भाग हैं। यह सभी स्नातक और स्नात्तकोत्तर कार्यक्रमों के लिए लागू हैं ।

सत्रीय कार्य जमा स्थिति

क्रमांक	कोर्स कूट	प्राप्ति तारीख	प्राप्त किये
1	MAEG-01	18-07-2016 13:40:01	Regional Centre
2	MAEG-02	18-07-2016 13:40:01	Regional Centre
3	MAEG-03	18-07-2016 13:40:01	Regional Centre
4	MAEG-04	18-07-2016 13:40:01	Regional Centre

आपको क्षेत्रीय केंद्र में जमा करवाए गए सत्रीय कार्य के बारे में जानकारी प्रदान करता है । सत्रीय कार्य जमा करने की तारीख और समय इस अनुभाग में विस्तृत रूप से दिए गये है । कृपया ध्यान दें कि विद्यार्थी अंतिम तिथि से पहले क्षेत्रीय केंद्र में व्यक्तिगत या रजिस्टर्ड पोस्ट से जमा करवाकर उसकी रसीद प्राप्त कर सकता है। रसीद को एक हार्ड कॉपी के माध्यम से जारी किया जाता है और एसएमएस के जरिए विद्यार्थी को सूचना दी जाती है । रसीद विद्यार्थी को अपने रिकॉर्ड्स में रखनी चाहिए। अंतिम तिथि के बाद जमा किए गए सत्रीय कार्य के मामले में, ऐसे विद्यार्थी का परीक्षा परिणाम देरी से अथवा अगले सत्र मे घोषित किया जाएगा।

नोट: विश्वविद्यालय के सत्रीय कार्य/आन्तरिक गृह कार्य जमा करवाने का कोई शुल्क नहीं है।

अध्ययन सामग्री प्रेषण स्थिति (Study Material Dispatch Status):-

विश्वविद्यालय की नीति के अनुसार, इंडियन पोस्ट के माध्यम से प्रत्येक पंजीकृत विद्यार्थी को स्व-लिखित सामग्री / पुस्तक भेजी जाती है। पुस्तकें प्रेषित करने के बाद विद्यार्थी को ट्रैकिंग नंबर के साथ एक एसएमएस भेजा जाता है। भारतीय डाक विभाग द्वारा विद्यार्थी के मास्टर रिकार्ड में दिए पते पर पुस्तकों की डिलीवरी कर दी जाती है। यदि किसी विद्यार्थी की अध्ययन सामग्री किसी भी कारण से पुनः लौट जाती हैं तब विद्यार्थी वेबसाइट पर उपलब्ध फॉर्म को भरकर वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा के नाम से मय 200/- रूपए के डिमांड ड्राफ्ट भेजना होगा ।हार्डकॉपी में भरा फॉर्म डिमांड ड्राफ्ट के साथ निदेशक, पाठ्य सामग्री उत्पादन एवं वितरण विभाग, वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय,रावतभाटा रोड, कोटा 324010 के पते पर भेजना होगा।

अध्ययन सामग्री प्रेषण विवरण

कार्यक्रम कोड	कोर्स कूट	इकाई	मात्रा	माध्यम	प्रेषण संख्या	प्रेषण दिनांक	EPP DISPATCH NO.	EPP DISPATCH DATE	स्थिति
MAEG-P	MAEG-01	सेट	1	डाक द्वारा			CR418415741IN	12/01/2016	प्रेषित
MAEG-P	MAEG-02	सेट	1	डाक द्वारा			CR418415741IN	12/01/2016	प्रेषित
MAEG-P	MAEG-03	सेट	1	डाक द्वारा			CR418415741IN	12/01/2016	प्रेषित
MAEG-P	MAEG-04	सेट	1	डाक द्वारा			CR418415741IN	12/01/2016	प्रेषित
MAEG-F	MAEG-05	सेट	1	डाक द्वारा			CR730786766IN	11/01/2017	प्रेषित
MAEG-F	MAEG-06	सेट	1	डाक द्वारा			CR730786766IN	11/01/2017	प्रेषित
MAEG-F	MAEG-07	सेट	1	डाक द्वारा			CR730786766IN	11/01/2017	प्रेषित
MAEG-F	MAEG-08	सेट	1	डाक द्वारा			CR730786766IN	11/01/2017	प्रेषित
MAEG-F	MAEG-09	सेट	1	डाक द्वारा			CR730786766IN	11/01/2017	प्रेषित

परीक्षा विवरण (Examination Details):-

यह भाग अत्यधिक महत्व का है। इस भाग में प्रत्येक सत्रांत परीक्षा / पुनर्मूल्यांकन / डिफाल्टर के सभी परिणाम प्रदर्शित किए जाते हैं। विद्यार्थी पूर्व वर्षों के परिणाम देखने लिए बाएं कॉर्नर में दिए गए ड्रॉप डाउन से कार्यक्रम का चयन कर सकते हैं। रिमार्क कॉलम में जहाँ "आफ्टर रिवैल्यूएशन" लिखा है, वहां रिवैल्यूएशन के बाद का परिणाम दर्शाया गया है।लुकअप टीआर में परीक्षा सत्र, परीक्षा परिणाम तथा कार्यक्रमों का अंतिम परिणाम दर्शाया जाता है।

परीक्षा विवरण

पाठ्यक्रम MAEG-P

कोर्स कूट	कोर्स का नाम	प्रश्न पत्र प्रकार	अंक	REMARKS	स्थिति	OVERALL RESULT
MAEG-01	ENGLISH LANGUAGE USAGE AND COMMUNICATION SKILLS	ASSIGNMENT	15		SC	SC
MAEG-01	ENGLISH LANGUAGE USAGE AND COMMUNICATION SKILLS	THEORY	44	After Revaluation(JUNE16)	SC	SC
MAEG-02	RENAISSANCE TO JACOBEAN AGE	ASSIGNMENT	16		SC	SC
MAEG-02	RENAISSANCE TO JACOBEAN AGE	THEORY	40		SC	SC
MAEG-03	CAROLINE TO REFORMATION AGE	ASSIGNMENT	16		SC	SC
MAEG-03	CAROLINE TO REFORMATION AGE	THEORY	43		SC	SC
MAEG-04	THE ROMANTIC AGE	ASSIGNMENT	16		SC	SC
MAEG-04	THE ROMANTIC AGE	THEORY	36		SC	SC

Lookup TR JUNE16 Marks Obtained 226

परिणाम PASS

मार्कशीट प्रेषण विवरण (Mark-sheet Dispatch Details):-

विश्वविद्यालय की वर्तमान नीति के अनुसार भारतीय डाक के माध्यम से सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को अंकतालिका भेजी जाती हैं। इस भाग में भेजी जाने वाली मार्कशीट का क्रमांक, भारतीय डाक ट्रैकिंग संख्या और मार्केटशीट की डिस्पेच की तारीख को प्रदर्शित किया जाता है ।

अंकतालिका प्रेषण विवरण

कार्यक्रम कोड	क्रमांक	रजिस्ट्री क्रमांक	प्रेषण दिनांक	REMARKS
MAEC-P	604333	RR419896885IN	11-04-2017	
MAEC-F	609685	RR411903841IN	05-04-2017	
MAEC-F	571371	RR521170114IN	04-10-2016	

विद्यार्थी को आवेदन उपरान्त भेजे गए प्रोविजनल सर्टिफिकेट एवं माइग्रेशन सर्टिफिकेट का डिस्पैच विवरण भी प्रदर्शित किया जाता है ।

Provisional and Migration Certificate Dispatch Details

DOCUMENT TYPE	SERIAL NO.	REGISTRY NO.	DISPATCH DATE	REMARKS
Migration Certificate	1804	RR583772763IN	04-05-2019	Despatched by Post

ADDITIONAL DOCUMENTS

विद्यार्थी द्वारा परीक्षा विभाग को जमा किये गऐ प्रोजेक्ट /लघुशोध का विवरण भी प्रदर्शित किया जाता है।

Project Submission Details

PROG CODE	COURSE CODE	RECEIVED DATE
MSW-F	MSW-09	20-06-2019

डिग्री प्रेषण विवरण (Degree Dispatch Details):-

विश्वविद्यालय की मौजूदा नीति के मुताबिक प्रत्येक कार्यक्रम के केवल स्वर्ण पदक उम्मीदवारों को विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में आमंत्रित किया जाता है और दीक्षांत समोराह में ही उन्हें डिग्री प्रदान की जाती हैंजिसका विवरण Student one view में देखा जा सकता हैं। शेष विद्यार्थियों को डिग्री दीक्षांत समारोह की समाप्ति के पश्चात रजिस्टर्ड भारतीय डाक द्वारा प्रेषित की जाती है। डिग्री का सीरियल नंबर स्टूडेंट वन व्यू पर सबसे ऊपर प्रदर्शित होता है ।

छात्र सूचना प्रणाली

Degree Serial No. 20772.

स्कॉलर नंबर	[redacted]	प्रवेश सत्र	जुलाई - 2012	प्रवेश सत्र वैधता	जून - 2016
पाठ्यक्रम	Bachelor of Journalism Mass Communication				शिक्षक
क्षेत्रीय केंद्र	4 - जोधपुर				अधिक जानकारी देखे
अध्ययन केंद्र	4000 - Regional Centre, Jodhpur				अधिक जानकारी देखे

महत्वपूर्ण जानकारी (Important Information)

इस भाग का प्रयोग विद्यार्थियों को किसी भी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करने के लिए कार्यक्रम के संकाय सदस्यों द्वारा किया जा ता है। आम तौर पर इस भाग का उपयोग परियोजनाओं / कार्यों / पाठ्यक्रमों आदि पर अतिरिक्त जानकारी प्रदान करने के लिए किया जाता है।


विभिन्न डाउनलोड (Various Downloads):-

इस भाग को विद्यार्थी पहचान पत्र डाउनलोड करने, मास्टर रिकॉर्ड्स को बदलने, पुराने प्रश्न पत्रों को डाउनलोड करने और विश्वविद्यालय के शैक्षणिक कैलेंडर को देखने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है।



Query Portal:-

यदि विद्यार्थी किसी समस्या का सामना कर रहा है तो वह विश्वविद्यालय के ऑनलाइन सिस्टम http://online.vmou.ac.in/GrievanceForm.aspx का उपयोग कर प्रश्न / समस्या भेज सकता है। समस्या दर्ज होने के बाद समस्या संख्या जारी होती है जिसका उपयोग समस्या की वर्तमान स्थिति देखने के लिए किया जा सकता है।



QUERY NO.	DEPARTMENT	SUBMISSION DATE	स्थिति
119914	EXAMINATION & DEGREE	19-06-2017 06:59:00	Open
119915	EXAMINATION & DEGREE	19-06-2017 06:59:00	Open

संबंधित वीडियो (Related Videos):-


विश्वविद्यालय ने शिक्षार्थियों की सहायता के लिए वीडियो व्याख्यानों https://www.youtube.com/user/vmouonline/ videos का निर्माण किया है एवं और अधिक व्याख्यान विकसित करने की प्रक्रिया में है। कार्यक्रमों से संबंधित व्याख्यान संकाय द्वारा जोड़े जाते हैं ताकि सीखने वाले कार्यक्रम से संबंधित व्याख्यान देख सकते हैं।

Student ऑनलाइन अनुप्रयोग/आवेदन (StudentOnline Applications): -

विद्यार्थियों द्वारा किये गए सभी ऑनलाइन आवेदनों की सूची मेरे ऑनलाइन आवेदन में दर्शायी जाती है। विद्यार्थी द्वारा किये आवेदन का विवरण निम्न प्रकार देख सकते हैं।

विभिन्न ऑनलाइन आवेदन विद्यार्थी द्वारा किये जा सकते हैं।

- डिफॉल्टर परीक्षा (Defaulter Examination)
- रिवैल्यूएशन एप्लिकेशन (Revaluation Application)
- प्रमोटी आवेदन (Promotee Application): द्वितीय / अंतिम / तीसरे वर्ष के कार्यक्रम में आवेदन करने के लिए
- डेटा सुधार (Data Correction) : मास्टर रिकॉर्ड्स में बदलाव के लिए



आवेदन क्रमांक	TRANS. NO	पाठ्यक्रम	प्रकार	दिनांक	APPLICATION STATUS
9538	1500087041	MASA-P	Reval	03-09-2016	Completed
273839	1500093495	MASA-F	Promotee	11-09-2016	Validated

Tentative Academic Calendar

गतिविधियां	प्रवेश सत्र- जुलाई		प्रवेश सत्र- जनवरी	
	SEM I/III/V	SEM II/IV/VI	SEM I/III/V	SEM II/IV/VI
प्रवेश प्रारम्भ की तिथि	1 जुलाई	स्वतः प्रवेशित	1 जनवरी	स्वतः प्रवेशित
विद्यार्थियों का आमुखीकरण	अक्टूबर में	अप्रैल में	अप्रैल में	अक्टूबर में
परामर्श /शिक्षण कक्षाएं *	15 अक्टूबर से	15 अप्रैल से	15 अप्रैल से	15 अक्टूबर से
प्रायोगिक परीक्षाएँ *	16 अक्टूबर से	16 अप्रैल से	16 अप्रैल से	16 अक्टूबर से
आंतरिक गृह कार्य/ प्रोजेक्ट जमा करवाने की तिथि	15 अगस्त से	15 नवम्बर तक	15 मार्च से	15 मई तक
सैद्धान्तिक परीक्षा का केंद्र परिवर्तन के लिए आवेदन (केवल ऑनलाइन)प्रस्तुत करने की तिथि	अक्टूबर में	अप्रैल में	अप्रैल में	अक्टूबर में
वेबसाइट पर परीक्षा अनुमति पत्र जारी करने की तिथि	परीक्षा प्रारंभ होने की तिथि से लगभग 7 दिवस पूर्व			
परीक्षा प्रारंभ होने की तिथि (सेमेस्टर पद्धति)	21 दिसम्बर	1 जून	1 जून	21 दिसम्बर
वेबसाइट पर परिणाम घोषित करने की तिथि	परीक्षा समाप्त होने के पश्चात् लगभग 60 कार्य दिवसों के भीतर			
अंकतालिका प्रेषित करने की तिथि	परीक्षा परिणाम जारी होने के पश्चात् लगभग 20 के भीतर			
पुनर्मूल्यांकन के आवेदन (केवल ऑनलाइन) की तिथि	परीक्षा परिणाम घोषित होने के पश्चात् 10 दिन के भीतर			
उपाधि प्रेषण	प्रशासनिक निर्णय के अनुसार			
परीक्षा फार्म भरने की तिथि डिफाल्टर्स (केवल ऑनलाइन)एवं श्रेणी सुधार (केवल ऑफलाइन)	1अप्रैल से (जिन्हें जून परीक्षा में सम्मिलित होना हैं) 1 अक्टूबर से (जिन्हें दिसंबर परीक्षा में सम्मिलित होना हैं)			
परीक्षा फार्म भरने की तिथि डिफाल्टर्स प्रायोगिक परीक्षा के लिये (केवल ऑनलाइन)*	1 अप्रैलसे 15अप्रैल तक 1 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक			
अध्ययन केंद्र परिवर्तन की अंतिम तिथि	प्रवेश की अंतिम तिथि से 30 दिनों में			

* *B.Sc., MSC (Physics, Chemistry, Botany & Zoology) कार्यक्रम के प्रायोगिक संबंधी विशेष जानकारी, इस विवरणिका के सम्बंधित कार्यक्रम के अन्तर्गत दी गई है उसे अवश्य देखें।*

अद्यतन (updated) जानकारी के लिये समय समय पर विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.vmou.ac.in देखते रहे।

FacultyProfile

Name of Faculty	Post	Nature of Appointment	Educational Qualifications	Subject	School	Area of Specialisation
SCHOOL OF CONTINUING EDUCATION						
Prof. (Dr.) Subodh Kumar	Professor	Permanent	Ph.D, NET, PGDBM, B.Sc. (Maths, Geology) M.A. (Journalism) M.A. (English) Cert. in URDU	Journalism	School of Continuing Education	Print Media, Science Journalism and Digital Media
SCHOOL OF COMMERCE & MANAGEMENT						
Prof. (Dr.) Anurodh Godha	Professor	Permanent	Ph.D., M.Com., (EAFM), MBA (EP), B. Com (Honours)	Commerce	School Of Commerce & Management	Economic Administration and Financial Management, Entrepreneurship and Finance
SCHOOL OF EDUCATION						
Prof. (Dr.) Keerti Singh	Professor	Permanent	Ph.D, M.A. (English), M.Ed.	Education	School of Education	Gudiance and Counseling and Pedagogy of Langauges
School of Humanities and Social Science						
Prof. B.Arun Kumar	Professor	Permanent	Ph.D., M.A.	Pol. Science	School of Humainities & Social Science	Political Theory & Gandhian Thought
Prof. (Dr.) Kshamata Chaudhary	Professor	Permanent	Ph.D, M.A., B.Ed.	English	School of Humainities & Social Science	English Language & Literature
Dr. Akbar Ali	Assistant Professor	Permanent	B.Com, MA (Public Admn), UGC NET Qualified (Public Admn), MPhil, Ph.D.	Public Administration	School of Humainities & Social Science	Administrative Thinkers, Public Policy and Governance, Disaster Management, Indian Administration, Comparative Administration, Development Administration Personnel Administration

Dr. Alok Chauhan	Assistant Professor	Permanent	MSc. PhD. NET (CSIR, UGC)	Geography	School of Humanities and Social Sciences	Population & Settlement Geography
Dr. Kapil Gautam	Assistant Professor	Permanent	M.A. M.Phil. & Ph.D., NET JRF (UGC)	Sanskrit	School of Humainities & Social Science	Indian Philosophy (Adavita Vedanta)
Dr. S. K. Kulshrestha	Assistant Professor	Permanent	M.Phil., Ph.D. NET & SET	Economics	School of Humainities & Social Science	Econometrics
SCHOOL OF SCIENCE & TECHNOLOGY						
Prof. (Dr.) Anuradha Dubey	Professor	Permanent	M.Sc., M.Phil. & Ph.D.	Botany	School of Science & Technology	Cynobacterial Biotechnology
Dr. Ravi Gupta	Assistant Professor	Permanent	Ph.D.,M.Sc., M.Phil. & NET JRF	Mathematics	School of Science & Technology	MHD Flow
Dr. Neeraj Arora	Assistant Professor	Permanent	PhD.B.Tech., M.E., NET & JRF, SET	Computer Science	School of Science & Technology	Computer Science & Engineering
Dr. Sushil Rajpurohit	Assistant Professor	Permanent	Ph.D.,M.Sc. , JRF-NET	Physics	School of Science & Technology	Physics Computational Materials Science
Dr. Sandeep Hooda	Assistant Professor	Permanent	Ph.D.,M.Sc. & SET	Zoology	School of Science & Technology	Entomology

Directors at HQ KOTA

1.	Prof. (Dr.) B. Arun Kumar	Director Academic, Planning & Development	barunkumar@vmou.ac.in
2.	Prof. (Dr.) Subodh Kumar	Director SOCE	skumar@vmou.ac.in
3.	Prof. (Dr.) Kshamata Chaudhary	Director SHSS &Director Research	kchaudhary@vmou.ac.in
4.	Prof. (Dr.) Anuradha Dubey	Director SOST & CIQA	anuradhasharma@vmou.ac.in
5.	Prof. (Dr.) Keerti Singh	Director SOE	keertisingh@vmou.ac.in
6.	Prof. (Dr.) Anurodh Godha	Director SOCM&Director RSD	anurodhgodha@vmou.ac.in
7.	Dr. Neeraj Arora	Director EMPC	directorit@vmou.ac.in
8.	Dr. Ravi Gupta	Director, MPD	mpd@vmou.ac.in
9.	Dr. Kapil Gautam	Director, Central Library	library@vmou.ac.in

Profile of Regional Directors				
1.	Prof. (Dr.) Anurodh Godha	Director (Addl. Charge) of Regional Centre,Ajmer	9414024828	rcajm@vmou.ac.in
2.	Mr. D. K. Singh	Director (Addl. Charge) of Regional Centre, Bikaner	9414024175	rcbkr@vmou.ac.in
3.	Dr. Akbar Ali	Director (Addl. Charge) of Regional Centre, Jaipur	9414024803	rcjpr@vmou.ac.in
4.	Dr. Rashmi Bohra	Director (Addl. Charge) of Regional Centre, Jodhpur	9414024854	rcjdr@vmou.ac.in
5.	Dr. Dilip Kumar Sharma	Director of Regional Centre, Kota	9414028113	rckota@vmou.ac.in
6.	Dr. Rashmi Bohra	Director of Regional Centre, Udaipur	9414024836	rcudr@vmou.ac.in
7.	Dr. J. K. Sharma	Director of Regional Centre, Bharatpur	9414026397	rcbpr@vmou.ac.in

Profile of Officers				
1.	Sh. Anurag Bhargava,RAS	Registrar	0744-2470971	reg@vmou.ac.in
2.	Dr. Poorwa Agrawal , RAcS	Comptroller (Finance)	0744-2797121	fo@vmou.ac.in
VCS				
1.	Mr. Sohan Lal Sharma	Secretary to VC	0744-2471254	vcs@vmou.ac.in
Profile of Deputy Registrars				
1.	Dr. Mohd. Akhtar Khan	Deputy Registrar, RSD, Establishment, Legal & RTI	9414024853	drmakhan@vmou.ac.in
2.	Mr. D. K. Singh	Deputy Registrar, RC Bikaner	9414025993	dksingh@vmou.ac.in
Profile of Assistant Registrars				
1.	Dr. H.R. Mehta	Assistant Registrar, RC Kota& MPD	9414024869	arhrmehta@vmou.ac.in
	Mr. Suresh Kumar Sharma	Assistant Registrar, RC Jodhpur	9414024854	arsksharma@vmou.ac.in
2.	Dr. Praveen Kumar Sharma	Assistant Registrar, Exam Kota	9414024856	arpksharma@vmou.ac.in
	Mr. Balwan Singh Saini	Assistant Registrar, RC Bikaner	9414024175	arbalwansaini@vmou.ac.in
3.	Mr. Alok Sharma	Assistant Registrar, RC Jaipur	8764342299	asharma@vmou.ac.in
5.	Dr.ChakradharVerma	Assistant Registrar, Central Store & Purchase, MPD	9414701326	chakradharverma@vmou.ac.in
6.	Dr. Gangaram Meena	Assistant Registrar, RCBharatpur	9413085636	gmeena@vmou.ac.in
9.	Mr. Ravi Sagar Bua	Assistant Registrar, RC Ajmer	9414024954	rsbua@vmou.ac.in
	Mr. Sant Bahadur Singh	Assistant Registrar, RC Bharatpur	9414024829	sbsingh@vmou.ac.in
10.	Mr. Shiv Kumar Sharma	Assistant Registrar, RC Udaipur	9414024934	shivkumarsharma@vmou.ac.in
Information Technology and Educational Media Production Centre				
1.	Dr. Neeraj Arora	Director	9141024658	directorit@vmou.ac.in
2.	Dr. Saurabh Pandey	Incharge& Producer Studio	9414024873	spandey@vmou.ac.in
3.	Dr. Mayank Gaur	Video Producer	9602347513	mgaur@vmou.ac.in
4.	Mr. Atul Gupta	Editor Studio	9829749722	akgupta@vmou.ac.in
5.	Mr. Antim Jain	Programmer	7742766075	ajain@vmou.ac.in
Other Officers				
1.	Mr. Naveen Tiwari	Assistant Engineer	9414024870	aenntiwari@vmou.ac.in

स्नातकोत्तर उपाधि कार्यक्रम (Master Degree Programmes)

क्र.सं. (S.No.)	कार्यक्रम का नाम (Name of Programme)	कार्यक्रम कोड (Prog. Code)	प्रवेश योग्यता (Eligibility)	अवधि (Duration) न्यूनतम /अधिकतम		कार्यक्रम शुल्क रु. में (Programme Fee in Rs.)	SLM का माध्यम (Medium)
1.	एम. ए. अर्थशास्त्र M. A. Economics	MAECN	किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक (न्यूनतम त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम) उपाधि अथवा समकक्ष	2 वर्ष	4 वर्ष	पूर्वार्द्ध Rs.6100/- उत्तरार्द्ध Rs.6000/-	हिन्दी
2.	एम. ए. शिक्षा M. A. Education	MAEDN	किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक (न्यूनतम त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम) उपाधि अथवा समकक्ष	2 वर्ष	4 वर्ष	पूर्वार्द्ध Rs.6100/- उत्तरार्द्ध Rs.6000/-	हिन्दी
3.	एम.ए. राजनीति विज्ञान M. A. Political Science	MAPSN	किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक (न्यूनतम त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम) उपाधि अथवा समकक्ष	2 वर्ष	4 वर्ष	पूर्वार्द्ध Rs.6100/- उत्तरार्द्ध Rs.6000/-	हिन्दी
4.	एम.ए. पुलिस प्रशासन M. A. Police Administration	MAPSTN	किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक (न्यूनतम त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम) उपाधि अथवा समकक्ष	2 वर्ष	4 वर्ष	पूर्वार्द्ध Rs.6100/- उत्तरार्द्ध Rs.6000/-	हिन्दी
5.	एम.ए. हिन्दी M. A. Hindi	MAHDN	किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक (न्यूनतम त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम) उपाधि अथवा समकक्ष	2 वर्ष	4 वर्ष	पूर्वार्द्ध Rs.6100/- उत्तरार्द्ध Rs.6000/-	हिन्दी
6.	एम.ए. इतिहास M.A. History	MAHIN	किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक (न्यूनतम त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम) उपाधि अथवा समकक्ष	2 वर्ष	4 वर्ष	पूर्वार्द्ध Rs.6100/- उत्तरार्द्ध Rs.6000/-	हिन्दी
7.	एम. ए. समाजशास्त्र M.A. Sociology	MASON	किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक (न्यूनतम त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम) उपाधि अथवा समकक्ष	2 वर्ष	4 वर्ष	पूर्वार्द्ध Rs.6100/- उत्तरार्द्ध Rs.6000/-	हिन्दी
